



# मृदुभाषी

सच्ची खबरें, सलीके के साथ

इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित

facebook.com/mradubhashi  twitter.com/mradhubhashi  www.mradubhashi.com

इंदौर, बुधवार, 01 मई 2024

नगर संस्करण, वर्ष: 04, अंक: 249, पृष्ठ : 08, मूल्य: 5.00 रुपए


# विदिशा में प्रचार करने पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शिवराज की जमकर की तारीफ

## सीएम बोले- विदिशा क्षेत्र के लोग सौभाग्यशाली, यहां का प्रतिनिधित्व अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज और शिवराज सिंह चौहान ने किया

**विदिशा।** मध्यप्रदेश में तीसरे चरण की वोटिंग के लिए मतदान की तारीख नजदीक आने के साथ पार्टियों के चुनाव प्रचार में भी तेजी आ गई है। मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव लगातार संसदीय सीटों पर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाएं और रोड शो कर रहे हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विदिशा संसदीय क्षेत्र के रायसेन जिला अंतर्गत बेगमगंज कस्बे में पूर्व सीएम शिवराज के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि विदिशा क्षेत्र के लोग सौभाग्यशाली है कि अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज और शिवराज सिंह चौहान जैसी विभूतियों ने यहां का प्रतिनिधित्व किया। सीएम डॉ. यादव ने विपक्षी दल कांग्रेस और पूर्ववर्ती यूपीए सरकार पर निशाना साधा और बोले कि ये वो लोग हैं, जो राम मंदिर के निर्माण में रोज अड़ंगे लगाते थे। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में देश से आतंकवाद खत्म हुआ, देश में सुशासन स्थापित हुआ और हमारे देश की सीमाएं भी पूर्ण सुरक्षित हैं।



**सीएम ने की शिवराज सिंह की तारीफः** सीएम डॉ. यादव ने कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि सबको पता है भगवान राम कहां पैदा हुए थे, लेकिन कांग्रेस वालों को नहीं मालूम भगवान राम कहां पैदा हुए थे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शिवराज सिंह का अभिवादन करते हुए कहा कि जिन्होंने अपना पूरा जीवन जनता की सेवा के लिए लगातार दिया है। किसी भी पद पर रहे हो और सदैव इस क्षेत्र की सेवा करते रहे, ऐसे शिवराज सिंह चौहान जी का जोरदार अभिनंदन...। सभा में मुख्यमंत्री और पूर्व सीएम के सामने कई कांग्रेसियों ने भाजपा की सदस्यता ली।

### विदिशा सीट हमारे लिए महत्वपूर्ण

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि विदिशा सीट हमारे लिए शुरू से बहुत महत्वपूर्ण रही है। पूरे देश की लोकसभा अलग और हमारी विदिशा लोकसभा सीट अलग। आप भाग्यशाली हो यहां से अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज, रामनाथ गोयनका और शिवराज सिंह चौहान जैसे दिग्गज रहे हैं। मध्यप्रदेश वह जगह है, जहां जनसंघ के जमाने से सबसे पहले विजय अभियान अगर कहीं से प्रारंभ हुआ तो वो अपने मध्यप्रदेश से हुआ। हम सभी सौभाग्यशाली हैं।

### पाकिस्तान को दो-दो बार घर में घुसकर मारा

सीएम मोहन यादव ने कहा कि पहले सीमाओं पर आए दिन हमले होते थे और भारतीय सैनिकों के सिर काट लिए जाते थे, लेकिन मनमोहन सिंह सरकार एक ही राग अलापती रहती थी कि यह पाकिस्तान की करतूत है, यह पाकिस्तान से हो रहा है। लेकिन जैसे ही केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनी और उरी की घटना हुई तथा हमारे सो रहे सैनिकों पर वार हुआ, तो पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने जो बोला वो करके दिखाया और पहली बार ऐसा हुआ कि पाकिस्तान को एक बार नहीं, दो-दो बार घर में घुसकर मारके दिखाया।

### उलटे फैसलों के कारण आज कांग्रेस की ऐसी हालत

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज कांग्रेस के उलटे फैसलों के कारण उनकी हालत ऐसी है कि उनके लोकसभा प्रत्याशी ही कांग्रेस छोडकर भाजपा में आ गए। कांग्रेस में कोई दम नहीं बची। थोड़ी बहुत थी तो उसे भी सीएम डॉ. मोहन यादव ने और भारतीय जनता पार्टी ने खत्म कर दिया। मैं बहनों का दर्द जानता था। बेटी के पैदा होने से है परिवार का चेहरा का उतर जाता था। बेटी को बोझ माना जाता था। इस दर्द को समझकर हमने लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई।

## ब्रीफ न्यूज़

### रामलला के दर्शन करने आज अयोध्या जाएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्या के दौरे पर रहेंगी। उनका आगमन शाम चार बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर होगा। यहां से हनुमानगढ़ी के लिए रवाना होंगी। शाम 4.50 बजे हनुमंत लला की आरती में शामिल होंगी। इसके बाद शाम 5.45 बजे सरयू पूजन और आरती करेंगी। यहां से रामजन्मभूमि पहुंचकर शाम 6.45 बजे रामलला के दर्शन कर आरती में शिरकत करेंगी। शाम 7.15 बजे कुबेर टीला के दर्शन करेंगी। इसके बाद हवाई अड्डे से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति के प्रेस सचिव अजय सिंह के अनुसार राष्ट्रपति के सभी कार्यक्रमों का कवरेज दूरदर्शन नेशनल न्यूज चैनल की ओर से किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन पर बुधवार को जिले में सुरक्षा घेरा सख्त रहेगा। एयरपोर्ट से लेकर राम मंदिर व सरयू तट तक आधुनिक असलहों से लैस जवान जगह-जगह मुस्तैद रहेंगे। मंगलवार को ही पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा एजेंसियों व अन्य जवानों के साथ रिहर्सल भी की है। राष्ट्रपति शाम चार बजे एयरपोर्ट से राम मंदिर व सरयू तट पर जाएंगी। इस दौरान सभी मार्गों पर पड़ने वाले मकानों पर असलहों से लैस जवान तैनात किए गए हैं। पुलिस के अलावा सीआरपीएफ, आरएएफ, एटीएस व पीएसी के जवान भी जगह-जगह तैनात होंगे। खुफिया एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। सादी वर्दी में अलग-अलग जगहों पर भी जवान तैनात रहेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की टाइमिंग पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया। उन्होंने आम चुनाव से ठीक पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर ईडी से जवाब मांगा है। इस बारे में ईडी से शुक्रवार तक जवाब देने के लिए कहा गया है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा, स्वतंत्रता बहुत महत्वपूर्ण है, आप इससे इनकार नहीं कर सकते। आखिरी सवाल गिरफ्तारी के समय के संबंध में है, जिसके बारे में उन्होंने बताया है। गिरफ्तारी का समय, आम चुनाव से ठीक पहले क्यों। पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल भी पूछे और ईडी को सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने को कहा। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना है, बुधवार से दोनों न्यायाधीश अलग-अलग पीठ में बैठेंगे। इस मामले में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने पक्ष रखा। बता दें कि केजरीवाल ने कथित एक्साइज ड्यूटी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट चुनौती है। वे 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद से ही न्यायिक हिरासत में जेल में हैं।

**तीसरे चरण का संग्रामः** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भिंड जिले में की रैली, पीएम मोदी ने तेलंगाना के संगारेड्डी में की सभा


# दिग्गजों की चुनावी पैतरेबाजी...

## बीजेपी सत्ता में लौटी तो संविधान 'फाड़' देगी: राहुल

**भिंड।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के भिंड जिले में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने दावा किया कि अगर भाजपा केंद्र में सत्ता में लौटती है, तो वह गरीबों, दलितों, एसटी और ओबीसी को अधिकार देने वाले संविधान को फाड़ देगी। रैली को संबोधित करने के दौरान राहुल ने संविधान की एक प्रति हाथ में लेते हुए कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है।

उन्होंने दावा किया कि गरीबों, एसटी, ओबीसी को संविधान के कारण कई अधिकार मिले, जिसने लोगों को मनरेगा, भूमि अधिकार, आरक्षण और अन्य चीजें भी दीं। अगर भाजपा सत्ता में आई तो इस संविधान को फाड़कर फेंक देगी।

वायनाड सांसद ने आगे दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि अगर वे निर्वाचित हुए, तो वे इस पुस्तक (संविधान) को फाड़ देंगे और फेंक देंगे। भाजपा चाहती है कि इस किताब को फेंक दिया जाए और 20-25 अरबपति देश चलाएं।




### आरक्षण के मुद्दे पर बीजेपी को घेरा

राहुल ने आरक्षण के मुद्दे पर भी बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने पूछा, यदि सत्तारूढ़ सरकार आरक्षण के खिलाफ नहीं है, तो वह सार्वजनिक उपक्रमों, रेलवे और अन्य क्षेत्रों का निजीकरण क्यों कर रही है। राहुल ने यह भी कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अपनी महालक्ष्मी योजना के जरिए करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाएगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत सरकार महिलाओं को लखपति बनाने के लिए उनके खातों में 1 लाख रुपये (8,500 रुपये प्रति माह) ट्रांसफर करेगी। राहुल ने कहा कि दो-तीन अरबपतियों को सारा का सारा धन दिया जाता है। रेलवे अडानी, सोलर पावर अडानी, जहां भी देखो अडानी ही अडानी।

### एक साल की गारंटी की नौकरी देंगे

राहुल ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी 22-25 उद्योगपतियों को अरबपति बना सकते हैं, तो कांग्रेस करोड़ों महिलाओं को लखपति बना देगी। कांग्रेस ने भिंड लोकसभा (एससी-आरक्षित) सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद संध्या राय के खिलाफ विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। राहुल गांधी ने कहा कि अरबपतियों के बेटे अपने पिता की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप करते हैं और उन्हें पैसा मिलता है। ये उनको कंपनी में डालने का मौका होता है। हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी जो हर ग्रेजुएट को ये अधिकार देने जा रही है। आप सरकार से एक साल की गारंटी की नौकरी मांग सकते हो।

## मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिक रहे : मोदी

**संगारेड्डी।** तेलंगाना के संगारेड्डी में पीएम मोदी ने एक बार फिर कांग्रेस और बीआरएस पार्टी पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस, बीआरएस दोनों अलग नहीं बल्कि दोनों एक ही करप्शन रैकेट के सदस्य हैं। कांग्रेस और बीआरएस का यह रैकेट कहां तक फैला हुआ है, यह दिल्ली के शराब स्कैम से भी पता चलता है। दिल्ली में जिस पार्टी ने शराब घोटाला किया, उसमे बीआरएस के लोग शामिल निकले। उसी पार्टी से दिल्ली में कांग्रेस का गठबंधन है। पीएम मोदी ने कहा कि जो विरोधी भाजपा सरकार का मुकाबला नहीं कर पा रहे, वे सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो चलाकर तकनीक का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। जब उनका झूठ काम नहीं कर रहा तो वे मेरे चेहरे का इस्तेमाल कर रहे हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से अपनी मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बेच रहे हैं। झूठ की यह दुकान बंद होनी चाहिए। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार दुनियाभर में बाजरा को लोकप्रिय बनाने पर जोर दे रही है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि बाजरा दुनियाभर में खाने की मेज तक पहुंचे।



### कांग्रेस का पंजा जनता का पैसा लूटता था

मोदी ने कहा कांग्रेस का पंजा जनता का पैसा लूटता था। जिसके पास 400 सांसद थे, अब वो 250 लोगों को चुनाव भी नहीं लड़वा पा रही है। कांग्रेस मुसलमानों को रातोंरात ओबीसी बना देती हैं। मराठा आदि 26 जातियों को ओबीसी बनाना मंजूर नहीं है।

### जब तक जिंदा हूं मुसलमानों को आरक्षण नहीं दूंगा

पीएम मोदी ने कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, एससी, एसटी और ओबीसी की कीमत पर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं दूंगा। पीएम मोदी ने कहा कि आपको कांग्रेस के एक्सरे से सावधान रहना है। कांग्रेस के शहजादे गली-गली घूमकर कह रहे हैं कि उनको मौका मिलेगा तो वो आपका एक्सरे निकालेंगे। आपके घर में पड़े सोने और संपत्ति का ये हिसाब लगाएंगे। इसके बाद इसे बांट देंगे। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र और तेलंगाना के दौरे पर रहे। तेलंगाना के संगारेड्डी से पहले उन्होंने महाराष्ट्र के धाराशिव, माढा और लातूर में सभाएं की। ये सब बाते इन्हीं स्थानों पर सभा के दौरान पीएम मोदी ने कही हैं। मोदी ने 29 अप्रैल को महाराष्ट्र के सोलापुर, सातारा, पुणे और कर्नाटक के बागलकोट में रैलियां की थीं। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस वाले विरासत टैक्स की भी बात कर रहे हैं। कांग्रेस कहती है कि जो आप बचत करते हैं उस पर सरकार का भी हक होगा। ये मार्क्सवादियों और नक्सलवादियों की विचारधारा है। पीएम मोदी ने कहा कि 10 साल पहले, जब रिमोट कंट्रोल वाली सरकार चलती थी, तब महाराष्ट्र के कद्दावर नेता कृषि मंत्री थे। जब यहां के कद्दावर नेता दिल्ली में राज करते थे, तब गन्ने का एमएसपी करीब 200 रुपए था और आज मोदी के सेवाकाल में गन्ने का एमएसपी करीब 350 रुपए है।

दल बदल का खेल जारी

## कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत बीजेपी में शामिल

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 के बीच दल बदल का खेल जारी है। लगातार कांग्रेसी नेता बीजेपी का दामन थाम रहे हैं और कांग्रेस को झटके पर झटके दे रहे हैं। कांग्रेस में चल रही भगदड़ खत्म नहीं हो रही है। मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी मध्यप्रदेश में चुनावी सभा करने पहुंचे। वहीं, श्योपुर के विजयपुर से कांग्रेस विधायक व पार्टी के कद्दावर नेता रामनिवास रावत ने पार्टी छोड़ दी। रामनिवास रावत सीएम डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में बीजेपी ज्वाइन किया। अनुमान लगाया जा रहा है कि रावत को मध्यप्रदेश सरकार में लोकसभा चुनाव के बाद मंत्री पद से नवाजा जा सकता है। बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार



को श्योपुर जिले के विजयपुर पहुंचे थे। जहां बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की मौजूदगी में रामनिवास रावत बीजेपी में शामिल हो गए। एमपी में कांग्रेस को एक साथ दो झटके लगे हैं। पहले तो कांग्रेस के सीनियर विधायक रामनिवास रावत ने बीजेपी ज्वाइन की। वहीं, उनके साथ मुरैना की महापौर शारदा सोलंकी ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ा है और बीजेपी का दामन थामा है। रामनिवास रावत के पार्टी छोड़ने से चंबल-अंचल में कांग्रेस को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। रावत ओबीसी का बड़ा चेहरा माने जाते हैं। तीसरे और चौथे चरण में एमपी की चंबल-अंचल की सीटों पर मतदान होंगे। रामनिवास रावत विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक हैं। साल 2023 के विधानसभा चुनाव में वे 6वीं बार विधायक चुने गए हैं। इस बार उन्होंने बीजेपी के पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा को हराया था। इसके अलावा रामनिवास रावत मुरैना सीट से दो बार लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं।

भारतीय टीम का ऐलान

## टी-20 विश्व कप में रोहित शर्मा कप्तान

**नई दिल्ली।** आगामी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया खेलती दिखेगी। वहीं, हार्दिक पांड्या उपकप्तानी करते दिखेंगे। टीम में दो विकेटकीपर शामिल किए गए हैं। इनमें ऋषभ पंत और संजू सैमसन शामिल हैं। वहीं, केएल राहुल को टीम से बाहर कर दिया है। राहुल पिछले टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम के हिस्सा थे। टी-20 विश्व कप की शुरूआत एक जून से वेस्टइंडीज-अमेरिका की सह-मेजबानी में हो रही है, जबकि फाइनल 29 जून को खेला जाएगा। भारतीय टीम ने पिछला टी-20 विश्व कप 2007 में जीता था। यह इस प्रारूप का



पहला संस्करण था। 17 साल से भारत इस ट्रॉफी को जीतने के लिए जूझता रहा है। पिछली बार यानी 2022 में भारत सेमीफाइनल में इंग्लैंड से 10 विकेट से हार गया था। अब रोहित शर्मा की अगुआई में यह 15 खिलाड़ी 17 साल के टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के सूखे को खत्म करने उतरेंगे। भारत ने पिछली बार कोई आईसीसी ट्रॉफी 2013 में जीता था। रोहित एंड कंपनी 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को भी खत्म करना चाहेगी। 2023 में हुए वनडे विश्व कप में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से फाइनल में हार गई थी। भारतीय टीम अपने टी-20 विश्व कप अभियान की शुरुआत पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच से करेगी। यह मैच न्यूयॉर्क के नसऊ काउंटी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी मैदान पर नौ जून को टीम इंडिया पाकिस्तान के खिलाफ महा मुकाबला खेलेगी। इसके बाद 12 जून को भारत को यूएसए और 15 जून को कनाडा के खिलाफ खेलना है।

### अभ्यास मंडल के मासिक व्याख्यान में अभिभाषक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. नवप्रीत कौर ने किया संबोधित

# हमारा समाज आज भी पुरुष प्रधान, पुत्र जन्म को शुभ और पुत्री जन्म को बोझ मानते हैं कुछ लोग

**इंदौर।** एक पुरुष एक महिला पर इसलिए एसिड अटैक कर रहा है, क्योंकि उसने लड़के को जन्म नहीं दिया, वह उससे शादी करने को तैयार नहीं है। अब तो इसलिए भी महिलाओं पर एसिड अटैक हो रहे हैं क्योंकि वह शिक्षा आदि क्षेत्रों मे पुरुषों से आगे निकल रही हैं। दरअसल कुछ पुरुषों की मानसिकता ही ऐसी हो गई कि वह किसी महिला को आगे बढ़ते हुए देखना ही नहीं चाहते, यही कड़वा सच है। अभिभाषक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. नवप्रीत कौर (चंडीगढ़) ने यह बात मंगलवार को अभ्यास मंडल के मासिक व्याख्यान में कही। वे प्रेस क्लब सभागृह में मुख्य वक्ता बतौर उपस्थित थीं। भारत में महिलाओं पर हिंसात्मक हमले विषय पर बोलते हुए डॉ. कौर ने आगे कहा कि महिलाओं के साथ हमेशा से पक्षपात होता आया है और आज भी जारी है। जन्म के पहले ही भ्रूण में उसे मार दिया जाता है। शादी के बाद दहेज की आड़ में महिला को मारा जा रहा है। हालांकि हमारे संविधान में महिला और पुरुष को बराबर अधिकार दिए गए हैं लेकिन हमारा समाज पुरुष के मुकाबले महिला को कम आंकता है। आज भी पुत्र जन्म को शुभ माना जाता है और पुत्री जन्म को बोझ।



### लड़की को आगे बढ़ने के अवसर कम

डॉ. नवप्रीत कौर ने कहा कि अगर पढ़ाई की बात हो तो लड़के को पहले प्राथमिकता दी जाती है और लड़की को बाद में। लड़की को आगे बढ़ने के अवसर और स्वतंत्रता दोनों ही कम हैं, जो बताता है कि हमारा समाज पुरुष प्रधान से बाहर नहीं निकल पाया है। डॉ. कौर ने आगे कहा कि लड़कियों पर एसिड अटैक इसलिए होते हैं ताकि उसके चेहरे को बदसूरत कर वह किसी से साथ विवाह नहीं कर सके, क्योंकि हमारा समाज लड़की के चेहरे की सुंदरता पहले देखता है। एसिड से चेहरा ही नहीं झुलसता बल्कि हड्डियां तक गल जाती हैं। एक एसिड अटैक महिला को 10 से 12 सर्जरी करानी पड़ती है और प्रत्येक सर्जरी का खर्च 2 से 3 लाख रुपए आता है।

### एक सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं

डॉ कौर ने कहा कि वर्ष 2005 मे 15 साल की उम्र में लक्ष्मी पर 32 वर्ष के युवक ने एसिड हमला किया था, क्योंकि उसने शादी करने से मना कर दिया था। लक्ष्मी ने 2006 में कोर्ट में पीआईएल लगाई, लेकिन फैसला आया वर्ष 2013 में उसके पहले दिसंबर 2012 में निर्भया केस हो गया था, अगर निर्भया केस नहीं होता तो शायद लक्ष्मी एसिड हमले का फैसला नहीं होता। डॉ. कौर ने आगे कहा कि लड़कियों को आगे बढ़ने के अवसर हमें अधिक देने होंगे। महिला और पुरुष दोनों मिलकर के ही एक सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं।

### श्रोताओं के सवालों के जवाब दिए

श्रोता बिरादरी द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के संतोष जनक उत्तर डॉ. कौर ने दिए। अतिथि स्वागत अभ्यास मंडल के अध्यक्ष मनीषा गौर, डॉ. पल्लवी आढाव ने किया। अतिथि परिचय दिया अंजिक्य डंगावकर ने। डॉ. ओ. पी. जोशी ने प्रतिक चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन किया वैशाली खरे ने और आभार माना रामेश्वर गुप्ता ने। कार्यक्रम में अशोक कोठारी, डॉ माला सिंह ठाकुर, अनिल मोड़क, शफी शेख, प्रवीण जोशी, हरेराम वाजपेयी, हबीब बेग, मुरली खंडेलवॉल, ग्रीष्मा त्रिवेदी दीप्ति गौर, आलोक खरे, श्याम पांडे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नगर निगम घोटाले की होगी उच्चस्तरीय जांच

### मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दी मौखिक सहमति

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम में जहां कर्मचारियों की तनख्वाह बांटने तक का संकट रहता है वहां अधिकारियों और कर्मचारियों की नाक के नीचे से बगैर काम के करोड़ों का भुगतान हो गया और किसी को कानों कान खबर नहीं हुई। खास बात यह कि ये सभी काम वर्ष 2016 से 2018 के बीच के बताए जा रहे हैं और भुगतान के लिए इनके बिल वर्ष 2022 में प्रस्तुत किए गए। 130 करोड़ से ज्यादा के बिल प्रस्तुत हुए थे जिसमें से 80 करोड़ रुपये के लगभग भुगतान हो भी चुका है। अब उच्च स्तरीय कमेटी वर्ष 2022 से पहले नगर निगम के विभिन्न विभागों में करवाए गए काम और उनके एवज में हुए भुगतान की जांच करेगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार देर रात इंदौर पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव से इस पूरे मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने की मांग की थी। महापौर ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मौके पर ही इसकी मौखिक सहमति दे दी है। जल्द ही कमेटी की घोषणा कर दी जाएगी।

**लगातार बढ़ रहा है फर्जीवाड़े का आंकड़ाः** बताया जा रहा है कि फजीर्वाड़े की जानकारी कई बड़े निगम अधिकारियों को भी थी, लेकिन वे आंख मूंदकर तमाशा देखते रहे। नगर निगम के इंजीनियरों को आरोपित बनाए जाने के बाद अब पुलिस उनसे पूछताछ में उन बड़े अधिकारियों के नामों की जानकारी लेगी जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस फजीर्वाड़े में शामिल थे। संभावना जताई जा रही है कि आने वाले समय में यह फजीर्वाड़ा 200 करोड़ के आंकड़े को पार कर सकता है। फजीर्वाड़े में आरोपित बनाए गए लोगों की संख्या भी बढ़ने की संभावना है।

## धीरेंद्र शास्त्री बोले-भारत हिंदू राष्ट्र हो, विरोधियों की ठठरी बंधे

**इंदौर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मंगलवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, महाकाल से मध्यप्रदेश और देश के कल्याण की मंगलकामना की। भारत हिंदू राष्ट्र हो, इसके लिए हमने रुद्राभिषेक किया, धर्म विरोधियों की ठठरी बंधे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि महाकाल की प्राचीन परंपरा बरकरार रहनी चाहिए, यहां के पुजारियों की परंपरा बरकरार रहनी चाहिए, प्राचीन परंपरा अक्षुण्य रहनी चाहिए, इससे संस्कृति जीवंत रहेगी। कुछ धर्म विरोधी यहां पर भी टांग अड़ाना चाहते हैं। मंगलवार सुबह 4 बजे भगवान महाकाल का जलाभिषेक और दूध, दही, घी, शक्कर, फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया। प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्मी रमाई गई। भगवान महाकाल का भांग, सूखे मेवों, चंदन, आभूषण और फूलों से राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया। भस्म अर्पित करने के पश्चात शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाल और रुद्राक्ष की माला के साथ सुगंधित पुष्प से बनी माला अर्पित की गई।

**इंदौर में कथा के लिए पहुंचे हैं शास्त्रीः** बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इंदौर में कथा कर रहे हैं। कथा आईटीआई रोड स्थित मां कनकेश्वरी देवी गरबा परिसर में चल रही है। श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन 4 मई तक शाम 4 बजे से 7 बजे तक हो रही है।

## छात्रा ने सोशल मीडिया स्टेटस डालकर लगा ली फांसी

**इंदौर।** इंदौर में एक छात्रा ने फांसी लगा ली। वह किसी बात को लेकर तनाव में थी। सुसाइड से पहले उसने सोशल मीडिया अकाउंट पर स्टेटस अपडेट किया था। लिखा था कि मेरी मय्यत पर आना तो वक्त पर आना, दफनाने वाले मेरी तरह इंतजार नहीं करेंगे मेरी जान। घटना पालदा की है। प्रमिला जामले (22) यहां किराए के कमरे में रह रही थी। सोमवार रात को उसका भाई जब कमरे पर पहुंचा तो बहन ने दरवाजा नहीं खोला। खिड़की से झांककर देखा तो बहन को फंदे पर लटकी मिली। छात्रा के भाई ने परिवार को सूचना दी और पुलिस बुलाई। जिसके बाद आजाद नगर पुलिस मौके पर पहुंची। छात्रा का मोबाइल जब्त कर लिया गया है। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया है। सोशल मीडिया स्टेटस को लेकर परिवार ने पुलिस को बताया कि यह स्टेटस हमने भी देखा था, लेकिन हम समझ नहीं पाए थे।



### स्टेटस पर किसी ने ध्यान ही नहीं दिया

छात्रा प्रमिला ने सुसाइड से कुछ घंटे पहले सोमवार सुबह चार बजे सोशल मीडिया पर 3 स्टेटस डाले थे। एक पर लिखा था मूड ऑफ। इसके साथ एक इमोजी थी। दूसरे स्टेटस में लिखा था- मम्मी-पापा मुझे माफ कर देना। तीसरे में लिखा था मेरी मय्यत पर आना तो वक्त पर आना, दफनाने वाले मेरी तरह इंतजार नहीं करेंगे मेरी जान। लेकिन परिवार को लगा कि प्रमिला ने सामान्य तौर पर स्टेटस लगाए हैं। किसी ने उससे मोबाइल पर बात ही नहीं की, न इस पर ध्यान दिया।

### प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी

प्रमिला के परिवार में उसकी तीन बहनें और दो भाई हैं। वह मूलतः देवास जिले के उदयनगर की रहने वाली है। यहां गर्ल्स कॉलेज से टअ की पढ़ाई कर रही थी। वहीं उसने इंदौर के भंवरकुआ की कोचिंग इंस्टीट्यूट में भी एडमिशन लिया था। यहां वह किराए के कमरे में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। कुछ दिन पहले उसने आंगनवाड़ी सुपरवाइजर के लिए फॉर्म भी भरा था। इसकी भी तैयारी कर रही थी।

### 15 दिन पहले ही छोटा भाई इंदौर आया

छात्रा प्रमिला, रूम मैट सहेली सपना के साथ यहां किराए के कमरे में रहती थी। रूम मैट सहेली परिवार में शादी होने के कारण अपने गांव गई हुई थी। प्रमिला रूम पर अकेली थी। इसलिए 15 दिन पहले गांव से छोटा भाई प्रदीप इंदौर आ गया था। वह भी अलग रहकर कैटरिंग का काम करने लगा था। मिलने के लिए बहन के रूम पर आता था। परिवार ने बताया कि प्रदीप के कपड़े प्रमिला के रूम पर रखे थे। सोमवार शाम वह उसे लेने ही कमरे पर गया था। बेटी को पढ़ाई को लेकर भी किसी तरह के तनाव नहीं था।

## समलैंगिकों की पार्टी में छापा, इकट्ठा होते थे रईस परिवार के युवक

**इंदौर।** लसूड़िया पुलिस ने समलैंगिकों की पार्टी में छापा मारा। सभ्रांत परिवार के युवक गे डेटिंग एप के माध्यम से एकत्र हुए थे। एक समलैंगिक युवक से मिथाईलीनडाईआक्सी मैथेमफेटामाइन (एमडीएमए) ड्रग्स मिली है। उसके तार दिल्ली के नाइजीरियन तस्कर से जुड़े है और हाईप्रोफाइल पार्टियों में ड्रग्स सप्लाई करता है। विजयनगर एसीपी कृष्ण लालचंदानी के मुताबिक पुलिस काम्बिंग गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि महालक्ष्मीनगर स्थित एक फ्लैट में युवा नशीले पदार्थो के साथ एकत्र हुए है। छापे के दौरान पुलिस फ्लैट में पांच युवक और एक युवती मिली। इसमें दो समलैंगिक जोड़े और एक तस्कर था जिसे पार्टी के लिए बुलाया था।

पुलिस आरोपी सौरभ साहू को पांच ग्राम एमडी के साथ गिरफ्तार किया। उस मूलतः सीहोर निवासी सौरभ के पिता लक्ष्मीनारायण का माता चौक पर मेडिकल स्टोर है। उसने पूछताछ में दिल्ली में रहने वाले नाइजीरियन तस्कर का नाम कबूला है। सौरभ इसके पूर्व भी 20 बार एमडीएम खरीद कर हाईप्रोफाइल पार्टियों में सप्लाई कर चुका है। टीआइ तारेश सोनी के मुताबिक युवती से पूछताछ कर छोड़ दिया। जबकि चार समलैंगिकों के विरुद्ध धारा 151 के तहत कार्रवाई की है।

### रातभर में 990 बदमाशों की चेकिंग

शनिवार रात चारों जोन की पुलिस ने नगरीय सीमा में काम्बिंग गश्त की। रातभर में पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 990 लोगों की चैकिंग की ।पुलिस का दावा है कि 530 पर वैधानिक कार्रवाई भी की गई है ।अतिरिक्त पुलिस आयुक्त(कानून)अमितसिंह के मुताबिक सभी थाना प्रभारी और एसीपी लूट,चोरी,मारपीट जैसे गंभीर मामलों में लिप्त आरोपितों की सूची के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में रवाना हुए ।पुलिस ने 990 के चैकिंग की और पूछताछ की ।386 से ज्यादा वारंट तामिल करवाए गए ।अवैध हथियार और अवैश शराब के प्रकरण भी बनाए गए है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **श्री सुदामा साहू पिता हरचरण साहू** पता **गौरी नगर जाम का बगीचा इंदौर** , विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 17 वार्ड । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 17 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **श्रीमति मेघा पति पूनमचंद पाल** पता **14/1 सेक्टर डी नंदबाग कालोनी छोटा बांगड़दा इंदौर,** पिन **1000850452**, झोन क्र. 01 वार्ड 16। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 01 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 01 वार्ड क्र. 16 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **श्रीमति सुगन बाई पति श्री बाबूलाल जाटव** पता **175 पैकी उत्तर दिशा का भाग राजश्री नगर छोटा बांगड़दा इंदौर,** पिन **1003033219**, झोन क्र. 01 वार्ड 16। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 01 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 01 वार्ड क्र. 16 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **श्रीमति अतुला पारख पति राहुल पारख ,** पिन **1001214566** झोन क्र. 15। **पता- 316 श्रीजी अर्पा. ऊषा नगर प्र. क्र. 4 इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 15 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **श्रीमति चंद्रा पति होलराम** , पिन **1001206670** झोन क्र. 15। **पता- 1 कुंजवन कालोनी 406 मानसी प्लाजा केसर बाग रोड़ इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 15 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **श्री जितेंद्र कुमार माखीजा** , पिन **1001250527** झोन क्र. 15। **पता- 81 विनय नगर इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 15 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **संजय सिंह पिता स्व. महेंद्र सिंह जी गुरदत्त** विक्रेता **महेंद्र सिंह दीवान गुरदास** पता **554 विष्णुपुरी कालोनी एन एक्स इंदौर** , पिन **1001140349 हक त्याग** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **किशोर कुमार वाधवानी, जय मोहनलाल वाधवानी** विक्रेता **अभिषेक दिलीप कुमार गावड़े** पता **223-5 -3 स्कीम न. 97 पार्ट 4 इंदौर** , पिन **1001191745** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 81 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **श्रीमति जयश्री सरोदें, प्रदीप सरोदें** विक्रेता **विन्य, कवीता, विन्य संसद** पता **प्र. क्र. 403 आवासा ब्लॉक डी ईडब्ल्यु एस/एल.आई.जी. बिजलपुर इंदौर** , पिन **1003045516** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 78 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **वैदिक सोनी, अर्चना सोनी** विक्रेता **उमेशचंद्र छगनलाल अग्रवाल** पता **405 शुभम रेसीडेंसी ब्लॉक सी -2 इंदौर** , पिन **1001172900** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **वीर मंचीत सिहं, रविन्दर पाल सिंह** विक्रेता **अमनदीप मनजीत सिंह भाटिया** पता **354 विष्णुपुरी कालोनी एनेक्स फ्लेट न. 201 सुखमनी अर्पा. इंदौर** , पिन **1001142915** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **वीर मंचीत सिहं, जसबीर हरवंश सिंह अरोरा** विक्रेता **नीना पति किशनचंद लालवानी** पता **15 शिवम पुरी जी-2 विशाल अर्पा. इंदौर** , पिन **1001143940** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **सैय्यद अहमद बाबू खां** विक्रेता **मुस्ताक बाबू खां** पता **41 मैकेनिक नगर ( पैकी भाग) इंदौर** , पिन **1001147844** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **मुस्ताक अहमद बाबू खां** विक्रेता **सैय्यद बाबू खां** पता **40 मैकेनिक नगर ( पैकी भाग) इंदौर** , पिन **1001147855** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **01.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

# मृदुभाषी

सच्ची खबरें, सलीके के साथ

इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित

facebook.com/mradubhashi twitter.com/mradhubhashi www.mradubhashi.com

इंदौर, बुधवार, 01 मई 2024

नगर संस्करण, वर्षः 04, अंकः 249, पृष्ठ : 08, मूल्यः 5.00 रुपए


# बम की नाम वापसी कर विजयवर्गीय दिल्ली दरबार में बढ़ाएंगे नंबर

## चुनावी मैनेजेमेंट के माहिर होने का संदेश पहुंचाया, देशभर में चर्चा का विषय बनी इंदौर लोकसभा सीट

**इंदौर।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर दस साल तक केंद्र की राजनीति में सक्रिय रहे कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम का नामांकन फार्म वापस करा कर दिल्ली दरबार तक यह संदेश पहुंचाया है कि वे चुनावी मैनेजेमेंट के माहिर खिलाड़ी है। शहर के लोग मान रहे है कि इंदौर में भाजपा की स्थिति वैसे ही मजबूत है। यदि बम भाजपा में नहीं आते तब भी भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी को कोई बड़ी चुनौती नहीं थी, लेकिन बम की नाम वापसी के कारण इंदौर लोकसभा सीट देशभर में चर्चा का विषय बन गई। विजयवर्गीय ने बम की नाम वापसी के बहाने केंद्रीय नेतृत्व की नजरों में नंबर बढ़ाए, लेकिन आपरेशन सूरत-2 विफल रहा। सूरत में भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। इंदौर में यह नहीं हो पाया।



### सभी निर्दलीय प्रत्याशियों की नाम वापसी नहीं हो पाई

तमाम कोशिशों के बावजूद इंदौर से सभी निर्दलीय उम्मीदवारों की नाम वापसी नहीं हो पाई। सिर्फ 9 उम्मीदवारों ने ही नाम वापस लिए। अब भी इंदौर में 14 उम्मीदवार मैदान में है। इसकी एक वजह यह भी है कि आपरेशन सूरत-2 के लिए सिर्फ विजयवर्गीय खेमा ही प्रयास करता रहा। इंदौर के दूसरे बड़े भाजपा नेता व पदाधिकारियों ने रुचि नहीं ली। मध्यप्रदेश में न्यू जॉइनिंग टोली के संयोजक पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा है, लेकिन उन्हें भी इंदौर के घटनाक्रम की पहले से जानकारी नहीं थी। भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी को भी कांग्रेस प्रत्याशी बम की नाम वापसी की बात पहले से नहीं पता थी।

### विजयवर्गीय की बंगाल वाली रणनीति

कैलाश विजयवर्गीय ने अक्षय बम को भाजपा में लाने से पहले पूर्व कांग्रेस विधायक अंतर सिंह दरबार और पंकज संघवी की एंट्री भाजपा में कराई है। दरअसल जब विजयवर्गीय को बंगाल का प्रभारी बनाया गया था, तब वहां भी उन्होंने टीएमसी के कई बड़े नेता व विधायकों की एंट्री भाजपा में कराई थी। अब भले ही वे प्रदेश की राजनीति में सक्रिय है, लेकिन लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने बंगाल वाली रणनीति अपनाई है। छिंदवाड़ा सीट पर भी वे काफी सक्रिय रहे।

### जबर्दस्त टीम वर्क दिखा

जिस दिन कांग्रेस ने अक्षय कांति बम को इंदौर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया था, उसी दिन उन्हें भाजपा में शामिल करने की रणनीति पर काम शुरू हो गया था। अभियान को आपरेशन लोटस नाम दिया गया। फिल्म के मुख्य किरदार बने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला। गुटबाजी के लिए कुख्यात इंदौर भाजपा में ऑपरेशन लोटस में जबर्दस्त टीम वर्क दिखा। बड़े किरदारों ने इसे पार्टी की प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था। दरअसल, योजना सूरत की तर्ज पर इंदौर में भी निर्विरोध निर्वाचन की थी। कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय को इसके लिए दिल्ली और भोपाल से हरी झंडी भी मिल गई थी, लेकिन अंतिम समय में कुछ निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन वापस नहीं लेने से ऐसा नहीं हो सका।

### सप्ताहभर पहले होटल में हुई थी बैठक

तय रणनीति के मुताबिक, विजयवर्गीय ने करीब एक सप्ताह पहले बम से एक होटल में मुलाकात की थी। बम बैठक में अकेले ही पहुंचे थे। बैठक में नाम वापसी को लेकर चर्चा हुई। विजयवर्गीय ने बम को समझाया कि कांग्रेस में उनका कोई भविष्य नहीं है। इस मुलाकात में ही तय हो गया था कि नाम वापसी के अंतिम दिन यानी 29 अप्रैल को बम नामांकन वापस ले लेंगे। बैठक में बम ने आशंका जताई थी कि नाम वापसी की स्थिति में उन पर हमला हो सकता है। इसके बाद विजयवर्गीय ने विधायक रमेश मेंदोला को जिम्मेदारी सौंपी। मेंदोला ने वार्ड 24 से पार्षद जितेंद्र यादव जीतू को 29 अप्रैल को बम के आसपास बने रहने के निर्देश दिए।

## ब्रीफ न्यूज़

### बागेश्वर सरकार की कथा में महिला ने हाथ की नस काटी



**इंदौर।** इंदौर के हीरा नगर में चल रही बागेश्वर सरकार की कथा में एक महिला ने हाथ की नस काट ली। महिला सेवादारों से महाराज से मिलने की जिद कर रही थी। उसे तुरंत पंडाल में खड़ी एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल भेजा गया। मामला कनकेश्वरी धाम का है। मंगलवार शाम सीमा नाम की महिला कथा स्थल पर पहुंची थी। रात करीब 8 बजे कथा समाप्त होने पर वह बागेश्वर महाराज से मिलने की जिद करने लगी। यहां सिक्योरिटी और अन्य लोगो ने रोका तो उसने अपनी हाथ की नस काट ली। महिला को तत्काल कनकेश्वरी संस्था की एंबुलेस से एमवाय भेजा गया। घटना के बाद महिला बेसुध हो गई। उसे उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। बता दें कि बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आईटीआई रोड स्थित मां कनकेश्वरी देवी गरबा परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को हजारों भक्तो का जनसैलाब उमड़ा, तीनों पंडाल भक्तों से खचाखच भर गए। विधायक रमेश मेंदोला, मुख्य यजमान अक्षत रामचंद्र चौधरी ने बताया कि कथास्थल पर हजारों भक्तों के लिए ठंडे जल की व्यवस्था भी की गई है। कथा में मंगलवार को पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शिव-पार्वती विवाह सहित विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। इस दौरान हजारों मातृशक्ति भजनों पर खूब झूमीं, राधे राधे के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। मंच पर खाटू श्याम मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई है। कथा 4 मई तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। व्यासपीठ का पूजन विधायक रमेश मेंदोला, एमआईसी सदस्य जीतू यादव, पूर्व एमआईसी सदस्य चंदू शिंदे, गुड्डा यादव, अक्षत चौधरी ने किया।

### इंदौर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी, मेल के जरिये दी गई धमकी

**इंदौर।** इंदौर के अंतर्राष्ट्रीय देवी अहिल्या एयरपोर्ट अथॉरिटी की आईडी पर एक मेल आने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी में हड़कम मच गया। मेल में एयरपोर्ट को बम से उड़ने की धमकी मिली थी। पूरे मामले में पुलिस में शिकायत की गई तो वहीं दूसरी ओर एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई। मंगलवार को एयरपोर्ट पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचने वाले थे। डीसीपी विनोद मीना के मुताबिक शहर के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अथॉरिटी के मेल आईडी पर धमकी भरा मेल आया जिसमें एयरपोर्ट को बम से उड़ने की धमकियां दी गई। एयरपोर्ट थाने पर प्रकरण दर्ज किया गया है।साइबर टीम जांच में जुटी है। पूरे मामले पर पुलिस का कहना है कि इस तरह के ईमेल कई और जगह भी भेजे गए हैं और सभी जगह के एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई है। अभी तक किसी ने भी इसकी जवाबदारी नहीं ली है और ना ही ईमेल में किसी का नाम लिखा था। इंदौर की एरोड्रम थाना पुलिस ने आईपीसी की धारा 507 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है।

### इंदौर लोकसभा चुनाव का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

# कांग्रेस प्रत्याशी घोषित करने की मांग वाली मोती सिंह की याचिका खारिज

## कोर्ट ने कहा- चुनाव प्रक्रिया में रिवर्स गियर नहीं होता

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** इंदौर लोकसभा चुनाव का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया। कांग्रेस नेता मोती सिंह पटेल ने कांग्रेस के डमी उम्मीदवार के नाते नामांकन फार्म भरा था। उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका लगाकर चुनाव चिन्ह आवंटित करने की मांग की,लेकिन कोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी। कोर्ट ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया मे रिवर्स गियर नहीं होता। आपका नामांकन फार्म स्क्रूटनी के समय ही निरस्त हो चुका है। मोती सिंह ने कहा कि नियमानुसार कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन यदि निरस्त हो जाता है या वे नाम वापस ले लेते हैं तो डमी प्रत्याशी ही अधिकृत प्रत्याशी माना जाता है। बम ने नामांकन वापस लिया है तो उन्हें कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार के रुप में चुनाव लड़ने का अधिकार है।

पटेल ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने मेरा नामांकन निरस्त कर दिया था। इसके पीछे आधार यह बताया गया था कि बम का नामांकन मंजूर हो चुका है और उनके पास बी फार्म है। इस कारण वे कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी है। पटेल ने मंगलवार को हाईकोर्ट में याचिका लगाकर कांग्रेस का चुनाव चिन्ह आवंटित करने की मांग की। इस मामले में कोर्ट में दोपहर को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने डिटेल फैसला बाद में जारी करने की बात कही है।




### इसलिए निरस्त हुआ फॉर्म

मोती सिंह पटेल के वकील ने कोर्ट से कहा कि पटेल इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस के औपचारिक प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ना चाहते हैं। कोर्ट ने कहा कि आपका नाम अंतिम सूची में शामिल होता तो आपके पास पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ने का मौका होता। दरअसल राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को एक प्रस्ताव की आवश्यकता होती है, जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों को दस प्रस्तावक की जरुरत होती है। पार्टी का बी फार्म अक्षय बम के पास था। इस कारण पटेल के फार्म में 9 प्रस्तावकों के हस्ताक्षर नहीं थे, इसलिए उनका फार्म निरस्त हो गया। कोर्ट में आधे घंटे इस याचिका पर बहस हुई। इसके बाद याचिका निरस्त कर दी गई।

### रेलवे के टिकट का भी दिया उदाहरण

याचिकाकर्ता के वकील के तर्कों पर हाईकोर्ट ने ट्रेन के ऑनलाइन टिकट बुकिंग सिस्टम का उदाहरण दिया। न्यायाधीश ने कहा कि आप ऑनलाइन टिकट बुक कराते हैं। चार्ट बनने तक सीट कंफर्म नहीं होती है तो टिकट कैंसिल हो जाता है। ऐसे में आपको जनरल टिकट लेकर चलना पड़ेगा अन्यथा आप विदआउट टिकट कहे जाएंगे। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि मेरा टिकट तब तो कंफर्म होगा, जब मेरे से पहले वाला यात्री आए ही नहीं।

### पटवारी बोले- अब हमारे लिए नोटा ही विकल्प

इंदौर लोकसभा सीट पर दो दिन से चल रहे नाटकीय घटनाक्रम के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का बड़ा बयान सामने आया है। मंगलवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में पटवारी ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी इंदौर में किसी भी प्रत्याशी को समर्थन नहीं देगी। दलबदल के विरोध में नोटा ही हमारा विकल्प होगा। पार्टी हाईकमान ने भी यही निर्देश जारी किए हैं। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास बीजेपी को सबक सिखाने के कई तरीके हैं। ये इंदौर की जनता को तय करना है। हम चुनाव का बहिष्कार करने के लिए नहीं कहेगे। लेकिन नोटा का विकल्प हम सब के पास है। यहां लोगों के पास रावण जैसी ताकत है। जिसमें अंहकार दिखता है।

# बम की नामांकन वापसी के बाद बसपा प्रत्याशी ने मांगी सुरक्षा

## इंदौर में मायावती की सभा कराने की तैयारी

**इंदौर।** बहुजन समाज पार्टी के इंदौर संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी संजय सोलंकी ने जिला निर्वाचन कार्यालय को पत्र देकर सुरक्षा की मांग की है। कांग्रेस प्रत्याशी के नाम वापसी के बाद इंदौर लोकसभा चुनाव में बसपा को अवसर नजर आने लगा है। इसलिए बसपा प्रमुख मायावती की सभा इंदौर में कराने की तैयारी शुरू हो गई है। बसपा प्रत्याशी सोलंकी का कहना है कि सभा कराने के लिए प्रदेश स्तर से प्रयास किए जा रहे है। इंदौर संसदीय क्षेत्र में नाम वापसी के आखरी दिन कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम ने सभी को चौकाते हुए अपना नामांकन वापस ले लिया और भाजपा का दामन थाम लिया। इंदौर जिले में नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों की मौजूदगी में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई। इसमें निर्वाचन आयोग के प्रतिबंधात्मक आदेशों की जानकारी से अवगत कराया गया। बैठक में सभी तरह की अनुमतियों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही व्यय राशि को लेकर भी विस्तार से बताया गया। इंदौर संसदीय क्षेत्र में 13 मई को होने वाले मतदान के लिये व्याापक तैयारियां जारी है। इन्हीं तैयारियों, लोकसभा चुनाव के लिये की गई व्यवस्थाओं तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी दिये गये निदेर्शों और नियमों की जानकारी अभ्यर्थियों को देने के लिये मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. आर सेल्वाराज, व्यय प्रेक्षक मत्ता पदमा तथा अल्का गौतम, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह की उपस्थित में चुनावी प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

# छात्रों की फीस के रुपए प्रोफेसर ने अपने खाते में डलवाए, केस दर्ज

**इंदौर।** इंदौर के चमेलीदेवी कॉलेज के एक प्रोफेसर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कॉलेज प्रिंसिपल ने इसकी शिकायत की है। प्रिंसिपल ने इसकी जानकारी मैनेजमेंट को दी। फिलहाल पुलिस मामले जांच कर रही है। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक चमेलीदेवी कॉलेज ग्राम उमरीखेड़ा के प्रिंसिपल सुहास पांडे निवासी अन्नपूर्णा रोड की शिकायत पर राहुल पुत्र हरीश कौल निवासी सिंगापुर टाउनशिप के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सुहास पांडे ने बताया कि राहुल उनके कॉलेज में 2017 से है। पिछले दिनों कॉलेज में छात्रों के एग्जाम फॉर्म भरे जा रहे थे। तब स्टूडेंट्स से फीस के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि राहुल ने फीस का व्यक्तिगत उपयोग किया। उसे कॉलेज के अकाउंट में जमा नहीं कराया गया। जांच में पता चाला कि राहुल ने 20 से 25 स्टूडेंट से ऑनलाइन रुपए थे। यह रकम करीब 8 से 10 लाख रुपए थी। यह कॉलेज के पोर्टल में जमा करनी होती है। लेकिन स्टूडेंट्स को भरोसे में लेकर राहुल कौल ने अपने अकाउंट में पैसे जमा करा लिए।

## बॉलीवुड

### फिल्मों में नाम कमा रहे इंदौरी, संजय लीला भंसाली की फिल्म में इंदौर के कलाकार का संगीत

# हीरामंडी मूवी में सुनाई देगा इंदौरी कलाकार मंगेश का संतूर

**इंदौर।** इंदौर की प्रतिभाएं बॉलीवुड में भी नाम कमाने लगी है। 1 मई को रिलीज होने वाली संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडीः द डायमंड बाजार में इंदौर के कलाकार मंगेश जगताप का संतूर भी कमाल दिखाएगा। इस फिल्म में मंगेश ने एक ठुमरी में संगीत दिया है,जबकि फिल्म के बैंकग्राउंड म्यूजिक में भी मंगेश ने संतुर बजाया है। मंगेश ने बताया कि इस फिल्म के संगीतकार खुद संजय लीला भंसाली है। वे वाद्ययंत्रों की बारिकियों पर भी बराबर ध्यान देते हं । उन्हें पारंपरिक वाद्य पंसद है, इसलिए फिल्म की ठुमरी में संतुर के कुछ पीस भी मुझसे बजवाएं गए थे।

फिल्म की थीम भी आजादी के पहले लगने वाले एक बाजार पर आधारित है, इसलिए उसके बैंकग्राउंड म्यूजिक में भी पारंपरिक वाद्यों का प्रयोग किया। फिल्म में कई मौके पर बैकग्राउंड म्यूजिक में भी संतूर सुनाई देगा।



### वेबसीरिज जुबली में भी बजाया है संतूर

मंगेश ने बताया कि उन्होंने वेबसीरिज जुबली के मशहूर गीत बिखरने का मुझको शौक के बड़ा...गीत मे भी संतूर बजाया था। जिसे काफी पसंद किया गया था। इसके अलावा पंचायत और घर वापसी वेबसीरिज में भी मैने संतूर बजाया है। इसी वजह से संजय ने मुझे अपनी फिल्म में भी मौका दिया है। इंदौर के स्वास्थ्य नगर में रहने वाले कलाकार मंगेश जगताप बीएसएफ में भी नौकरी कर चुके हैं। वे कई टीवी शो में संतूर बजाते है।

### तवायफों की कहानी

संजय लीला भंसाली की हीरामंडीः द डायमंड बाजार मल्टी स्टारर फिल्म में लाहौर के शाही मोहल्ला हीरामंडी के तवायफों की कहानी दिखाई जाएगी। इस वेब सीरीज से संजय लीला भंसाली ओटीटी में डेब्यू भी करेंगे।

### अहमदाबाद से खरीदे गए फर्नीचर

फिल्म में मुगलों की पेंटिंग, ब्रिटिश ऑफिसर्स के पोर्टरेट, विंटेज स्टाइल विंडो फ्रेम्स जैसी चीजों का इस्तेमाल किया गया है। यह फिल्म की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए है। मगर किस सीन में कौन सी चीज का यूज होगा, इस पर भंसाली ने बारीकी से काम किया। बारीकी से नक्काशी किए गए लकड़ी के दरवाजे और यहां तक कि झूमर भी भंसाली की देखरेख में बने हैं। फिल्म में इस्तेमाल किए गए फर्निचर अहमदाबाद से खरीदे गए।

# अब आरक्षण ही चुनावी मुद्दा बनकर मतदान को करेगा प्रभावित ?



अब विकास, भारत सरकार की प्रमुख उपलब्धियां, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और उसके प्रधानमंत्री की विराट, वैश्विक हैसियत और तीसरे स्थान की आर्थिक महाशक्ति बनने सरीखे मुद्दे तो नेपथ्य में चले गए हैं अथवा प्रसंगवश बन गए हैं, लेकिन आरक्षण एक राष्ट्रीय, केंद्रीय मुद्दा बन गया है। चूंकि आरक्षण सीधा संविधान और दलित, पिछड़ों, आदिवासियों, गरीबों से जुड़ा मुद्दा है, लिहाजा ग्रामीण स्तर पर भी लोग चिंता जताने लगे हैं कि क्या देश का संविधान बदल दिया जाएगा? तो फिर आरक्षण भी समाप्त किया जा सकता है? यह कांग्रेस और सहयोगी दलों की पहली चुनावी सफलता लगती है कि फिलहाल संविधान और आरक्षण राष्ट्रीय मुद्दे बन गए हैं। गली-गली, मुहल्ला-दर-मुहल्ला इनकी ही चर्चा है। लोग इन्हीं मुद्दों को लेकर आशंकित हैं। अभी यह तय नहीं है कि इनसे ध्रुवीकरण होगा, तो कितना होगा? लेकिन भाजपा देश के कटघरे में है, क्योंकि उसे ही जनता को पूरी तरह आश्वस्त करना है कि संविधान किसी भी स्थिति में बदला नहीं जाएगा और आरक्षण लागू है तथा जारी रहेगा। बल्कि उसका दुरुपयोग बंद कराया जाएगा। दरअसल बहस भाजपा सांसदों-अनंत हेगड़े और लल्लू सिंह के बयानों से ही शुरू हुई कि 400 पार के नारे और लक्ष्य के मकसद क्या हैं? उसी के आधार पर कांग्रेस ने आरोप चस्पा करने शुरू किए कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा-संघ 400 सीटों का जनादेश इसलिए मांग रहे हैं, ताकि संसद में पर्याप्त बहुमत के जरिए संविधान बदला जा सके और आरक्षण भी समाप्त किया जा सके।

> सत्ता-पक्ष की ओर से प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह मात्र दो ही मुख्य प्रचारक हैं, जो जनता को आश्वस्त करने में जुटे हैं कि लोकतंत्र और संविधान को कुछ नहीं होने वाला है। उनके अलावा, आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने भी सफाई दी है कि संघ ने हमेशा संविधान सम्मत आरक्षण का समर्थन किया है।

राहुल गांधी तो कहते रहे हैं कि भाजपा-संघ की बुनियादी सोच आरक्षण-विरोधी है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री और भाजपा के प्रचारक नेताओं के आरोप हैं कि पिछड़ों के आरक्षण की आड़ में कांग्रेस की कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों को पिछड़ा घोषित कर उन्हें आरक्षण दिया है। गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने बाबा अंबेडकर का हमेशा अपमान किया। कर्नाटक में ओबीसी कोटे से मुसलमानों को जिस तरह 4 फीसदी आरक्षण दिया गया है, वह असंवैधानिक है। हम चुनाव के बाद इस मामले को देखेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता, यह सर्वोच्च अदालत का भी फैसला है। कांग्रेस की वजह से ही अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी में एससी, एसटी, ओबीसी के लिए आरक्षण नहीं है। कांग्रेस और विपक्ष इसका जवाब दें। प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक के बेल्लारी में याद दिलाया कि जम्मू-कश्मीर में कभी भी आरक्षण लागू नहीं हो पाया था। भाजपा-एनडीए की सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किया। उसके बाद ही भाजपा ने वहां आरक्षण लागू किया है। इस राजनीतिक बहस का जनता के मानस पर काफी असर पड़ेगा। इसका फलितार्थ यह भी हो सकता है कि जिन राज्यों में भाजपा ने 100 फीसदी सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया था, वहां यह सफलता मिलने के आसार कम होते जा रहे हैं। राजस्थान और उप्र इनके उदाहरण बताए जा रहे हैं। सत्ता-पक्ष की ओर से प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह मात्र दो ही मुख्य प्रचारक हैं, जो जनता को आश्वस्त करने में जुटे हैं कि लोकतंत्र और संविधान को कुछ नहीं होने वाला है। उनके अलावा, आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने भी सफाई दी है कि संघ ने हमेशा संविधान सम्मत आरक्षण का समर्थन किया है। जब तक संवैधानिक तौर पर आरक्षण अनिवार्य लगे, तब तक यह जारी रहना चाहिए। राहुल गांधी को संघ प्रमुख के बयान पर भरोसा नहीं है, क्योंकि बिहार में विधानसभा चुनाव के दौरान 2015 में संघ प्रमुख ने कहा था कि आरक्षण की समीक्षा की जानी चाहिए। उस बयान के बाद भाजपा के लिए चुनाव पर पानी फिर गया था। अभी उप्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश आदि राज्यों में मतदान होने हैं। केरल की 20 सीटों पर मतदान हो चुका है।

# गहराते जल-संकट से जीवन एवं कृषि खतरे में



ललित गर्ग

> भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है।



मानवीय गतिविधियों और क्रिया-कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के साथ जलाशयों एवं नदियों के लिए खतरा बन चुका है। जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख जलाशयों और नदी घाटियों में कुल जल भंडारण पर खतरनाक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, जिससे लोगों को गंभीर जल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देशभर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल-संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है।

भारतभर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। हालाँकि, पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेहतर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमशः 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी, विशेष रूप से दक्षिण भारत में, 2023 का मानसून असमान था क्योंकि यह अल नीनो वर्ष भी था-एक जलवायु पैटर्न जो आम तौर पर इस क्षेत्र में गर्म और शुष्क परिस्थितियों का कारण बनता है। इससे काफी चिंता पैदा हुई है। वर्तमान में, सिंचाई भी प्रभावित हो रही है, और देश भर में पीने के पानी की उपलब्धता और जलविद्युत उत्पादन पर प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। भविष्य को देखते हुए, आने वाले महीनों में और अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है, जो दशार्ता है कि आने वाले दिनों में बड़ा जल संकट उभरने वाला है।

लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है। जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। जिससे विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के निर्भर है। ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसी आसन्न संकट से निपटने के लिये जल संरक्षण के प्रयास घरों से लेकर तमाम कृषि पद्धतियों और औद्योगिक कार्यों तक में तेज करने की जरूरत है। जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिये पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है। इसके साथ ही जल संरक्षण की परंपरागत तकनीकों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही आम लोगों को प्रकृति के इस बहुमूल्य संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा हेतु प्रेरित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है।

पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, उन्हीं प्रयत्नों को व्यापक स्तर पर अपनाने एवं जल-संरक्षण क्रांति को घटित करने की अपेक्षा है।

सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियां प्रदूषित हो रही हैं, अब उन पर जलवायु परिवर्तन का घातक प्रभाव पड़ने लगा है। जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन हैं नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, इनकी रक्षा करो, इन्हें अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। गांव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरूआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाकर या उनका जीर्णोद्धार करके बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं।

पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है। जहाँ प्रकृति एवं संस्कृति परस्पर एक दूसरे से समायोजित रही हैं। राजस्थान के किले तो वैसे ही प्रसिद्ध हैं पर इनका जल प्रबन्धन विशेष रूप से देखने योग्य है और अनुकरणीय भी हैं। जल संचयन की परम्परा वहां के सामाजिक ढांचे से जुड़ी हुई हैं तथा जल के प्रति धार्मिक दृष्टिकोण के कारण ही प्राकृतिक जलस्त्रोतों को पूजा जाता है।

## स्पेशल

# कोविशील्ड वैक्सीन ने बढ़ा दिया हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा ?




कोविड वैक्सीन निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया है कि दुर्लभ मामलों में कुछ लोगों में टीके के दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जिससे थ्रोम्बोसिस विद थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) होने का जोखिम बढ़ जाता है। इस खबर के सामने आने के बाद से लोगों के मन में कई प्रकार का डर देखा जा रहा है। विशेषतौर पर जिन लोगों ने कोविशील्ड वैक्सीन ली है उन्हें चिंता है कि कहीं ये टीके उनमें हार्ट अटैक या ब्रेन स्ट्रोक का जोखिम तो नहीं बढ़ा देंगे?

एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन की अदालत में ये स्वीकार किया है कि दुर्लभ स्थितियों में ये टीके शरीर में खून का थक्का बनाने वाली टीटीएस विकार का खतरा बढ़ा सकते हैं। गौरतलब है भारत में अधिकतर लोगों को एस्ट्राजेनेका की कोविशील्ड वैक्सीन लगी है। ऐसे में सवाल है कि टीटीएस क्या समस्या है और जिन्हें ये टीका लगा हुआ है उनमें हार्ट अटैक या स्ट्रोक का जोखिम बढ़ गया है?

कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभावों के बारे में रिम्स रांची में न्यूरो एंड स्पाइन सर्जन डॉ विकास कुमार बताते हैं, इस रिपोर्ट को लेकर लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। वैक्सीन का प्रभाव शरीर में कुछ महीनों में कम होने लगता है और बूस्टर डोज ले चुके लोगों को भी डेढ़ साल से अधिक का समय बीत चुका है, ऐसे में ज्यादा डरने और परेशान होने की जरूरत नहीं है।

नोएडा स्थित अस्पताल में इंटरनल मेडिसिन के डॉ. श्रेय श्रीवास्तव कहते हैं, कंपनी का कहना है वैक्सीन के दुष्प्रभाव दुर्लभ स्थितियों में हो सकते हैं, ऐसे में जरूरी नहीं है कि सभी लोगों में इसका खतरा हो। दवाओं-टीकों के दुष्प्रभाव तुरंत ही देखे जाते हैं। किसी भी प्रकार के टीके में एक से दो फीसदी दुष्प्रभाव का खतरा हो सकता है। कोविशील्ड के कारण होने वाली टीटीएस की समस्या भी इसी तरह की हो सकती है।

थ्रोम्बोसिस एंड थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम को कोविड-19 टीकों से जुड़ी एक दुर्लभ जटिलता माना जा रहा है। डॉक्टर थ्रोम्बोसिस शब्द का उपयोग रक्त का थक्का बनने की समस्या के रूप में करते हैं, ये रक्त वाहिकाओं को अवरुद्ध कर सकता है। कभी-कभी यह शरीर के कुछ हिस्सों में रक्त के प्रवाह को बाधित भी कर सकता है।

थ्रोम्बोसाइटोपेनिया तब होता है जब किसी व्यक्ति में प्लेटलेट काउंट कम हो जाता है। प्लेटलेट्स रक्त के महत्वपूर्ण घटक होते हैं जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में मदद करते हैं।

डॉक्टर बताते हैं, टीटीएस के कारण कई प्रकार की समस्या हो सकती है जिसमें कुछ स्थितियों में आपातकालीन चिकित्सा सहायता लेनी की भी जरूरत हो सकती है। थक्के बनने कारण हृदय में रक्त का प्रवाह कम हो सकता है जिससे संबंधित आपको कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं। थक्के के कारण मस्तिष्क में भी रक्त का प्रवाह कम हो सकता है जिससे ब्रेन स्ट्रोक का भी खतरा हो सकता है।

ब्रिटिश मीडिया टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, एस्ट्राजेनेका पर आरोप है कि उनकी वैक्सीन से कई लोगों की मौत हो गई। वहीं कई अन्य को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा। कंपनी के खिलाफ हाईकोर्ट में 51 केस चल रहे हैं। पीड़ितों ने एस्ट्राजेनेका से करीब 1 हजार करोड़ का हर्जाना मांगा है। ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में कंपनी ने माना है कि उसकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। एस्ट्राजेनेका का जो फॉर्मूला था उसी से भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है।

अप्रैल 2021 में जेमी स्कॉट नाम के शख्स ने यह वैक्सीन लगवाई थी। इसके बाद उनकी हालत खराब हो गई। शरीर में खून के थक्के बनने का सीधा असर उनके दिमाग पर पड़ा। इसके अलावा स्कॉट के ब्रेन में इंटर्नल ब्लीडिंग भी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टरों ने उनकी पत्नी से कहा था कि वो स्कॉट को नहीं बचा पाएंगे।

पिछले साल स्कॉट ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मई 2023 में स्कॉट के आरोपों के जवाब में कंपनी ने दावा किया था कि उनकी वैक्सीन से टीटीएस नहीं हो सकता है। हालांकि इस साल फरवरी में हाईकोर्ट में जमा किए दस्तावेजों में कंपनी इस दावे से पलट गई। इन दस्तावेजों की जानकारी अब सामने आई है।

हालांकि अवैक्सीन में किस चीज की वजह से यह बीमारी होती है, इसकी जानकारी फिलहाल कंपनी के पास नहीं है। इन दस्तावेजों के सामने आने के बाद स्कॉट के वकील ने कोर्ट में दावा किया है कि एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड की वैक्सीन में खामियां हैं और इसके असर को लेकर गलत जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने सबसे पहले मार्च 2021 में एक नई बीमारी वैक्सीन-इंड्यूस्ड (वैक्सीन से होने वाली) इम्यून थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (वीआईटीटी) की पहचान की थी। पीड़ितों से जुड़े वकील ने दावा किया है कि वीआईटीटी असल में टीटीएस का ही एक सबसेट है। हालांकि एस्ट्राजेनेका ने इसे खारिज कर दिया।

एस्ट्रजेनेका ने कहा, उन लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं, जिन्होंने अपनों को खोया है या जिन्हें गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा। मरीजों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हमारी रेगुलेटरी अथॉरिटी सभी दवाइयों और वैक्सीन के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए सभी मानकों का पालन करती है।

कंपनी ने आगे कहा, क्लिनिकल ट्रायल और अलग-अलग देशों के डेटा से यह साबित हुआ है कि हमारी वैक्सीन सुरक्षा से जुड़े मानकों को पूरा करती है। दुनियाभर के रेगुलेटर्स ने भी माना है कि वैक्सीन से होने वाले फायदे इसके दुर्लभ साइड इफेक्ट्स से कहीं ज्यादा हैं।

खास बात यह है कि इस वैक्सीन का इस्तेमाल अब ब्रिटेन में नहीं हो रहा है। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार में आने के कुछ महीनों बाद वैज्ञानिकों ने इस वैक्सीन के खतरे को भांप लिया था। इसके बाद यह सुझाव दिया गया था कि 40 साल से कम उम्र के लोगों को दूसरी किसी वैक्सीन का भी डोज दिया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन से होने वाले नुकसान कोरोना के खतरे से ज्यादा थे।

मेडिसिन हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी (एमएचआरए) के मुताबिक ब्रिटेन में 81 मामले ऐसे हैं, जिनमें इस बात की आशंका है कि वैक्सीन की वजह से खून के थक्के जमने से लोगों की मौत हो गई। एमएचआरए के मुताबिक, साइड इफेक्ट से जूझने वाले हर 5 में से एक व्यक्ति की मौत हुई है।

# सेल्फ-हीलिंग डामर...सड़क खुद ही कर लेगी अपनी मरम्मत



भारत में सड़कों पर लगातार बनी रहने वाली गड्ढों की समस्या से निपटने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एक बिल्कुल नए समाधान की ओर रुख कर रहा है। एनएचएआई सेल्फ-हीलिंग एसफाल्ट (खुद की मरम्मत करने वाले डामर) की नई टेक्नोलॉजी का परीक्षण करके, सड़क के रखरखाव में क्रांति लाने और सुरक्षा मानकों को बढ़ाने का लक्ष्य रखता है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने, जो नाम न बताने की शर्त पर बोल रहे थे, ने सड़क टिकाऊपन बढ़ाने और गड्ढों की समस्या से निपटने के लिए अपरंपरागत तरीकों को अपनाने की योजना का खुलासा किया। अधिकारी ने कहा, हम टिकाऊपन बढ़ाने और गड्ढों की समस्या से निपटने के लिए नए और अपरंपरागत तरीकों पर विचार कर रहे हैं। स्व-मरम्मत डामर की शुरुआत इस बड़े मुद्दे का एक स्थायी समाधान पेश करने के लिए तैयार है।

हालांकि इस योजना को बड़े पैमाने पर लागू करने से पहले, प्राधिकरण स्व-मरम्मत तकनीक की व्यवहार्यता और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक व्यापक लागत-लाभ विश्लेषण करेगा। यह सावधानीपूर्वक मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि सड़क रखरखाव प्रयासों के असर को अधिकतम करने के लिए संसाधनों का बेहतर आवंटन किया जाए।

भारत में 2022 में नेशनल हाईवे (राष्ट्रीय राजमार्गों) पर गड्ढों के कारण सड़क दुर्घटनाओं में 22.6 प्रतिशत की चिंताजनक बढ़ोतरी देखी गई। और इसकी वजह से 1,856 लोगों को जान गंवानी पड़ी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि स्व-मरम्मत डामर टेक्नोलॉजी डामर में (बिटुमेन), जो एक संयोजक पदार्थ होता है, में स्टील ऊन के टुकड़ों को शामिल करने पर निर्भर करती है। ये टुकड़े बिटुमेन को चालक बना देता है, जिससे इंडक्शन मशीनों के जरिये इसे गर्म करना आसान हो जाता है। गर्म करने की प्रक्रिया बिटुमेन को आसपास के पत्थरों और बजरी के साथ फिर से आसानी से जोड़ने में सक्षम बनाती है। साथ ही दरारों की प्रभावी रूप से मरम्मत करती है और गड्ढे बनने से रोकती है।

आधारभूत ढांचे के रखरखाव के लिए अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 2024-25 के बजट में सड़क रखरखाव के लिए 2,600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

यह तकनीक नीदरलैंड में डेल्फ़्ट यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के सिविल इंजीनियरिंग प्रोफेसर एरिक श्लांगेन द्वारा विकसित की गई थी। दरअसल, नीदरलैंड के शोधकर्ताओं ने कुछ तथाकथित सेल्फ-हीलिंग सड़कें बनाई हैं, जो बाहरी मदद के बिना दरारें बंद करने में सक्षम हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि हालांकि इन सड़कों का निर्माण करना अधिक महंगा होगा,लेकिन रखरखाव की लागत को हटाने से लंबे समय में ये सस्ती हो जाएंगी। इसके अलावा,यह तकनीक सड़कों को लंबे समय तक लगभग 80 साल तक चलने वाली बनाएगी।

एक अधिकारी का कहना है कि इस तकनीक के इस्तेमाल से सड़कें जल्दी खराब नहीं होंगी, जिससे बार-बार उनकी मरम्मत पर होने वाला खर्च भी बचेगा।

## ब्रीफ न्यूज़

### परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यार्थियों को किया सम्मानित, पहनाई पुष्पमाला

**पाडल्यामाता:** पाडल्यामाता के विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कस्बे के स्प्रिचुअल विवेकानंद हायरसेकेंडरी विद्यालय में दसवीं का 87 प्रतिशत तथा कक्षा बारहवीं का 94 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। कक्षा दसवीं में पंकज अहिरवार पिता हेमराज अहिरवार 92 प्रतिशत (संकुल मे प्रथम), कक्षा बारहवीं गणित संकाय से चन्दन नागर पिता देवसिंह नागर 88 प्रतिशत (संकुल मे प्रथम), विज्ञान संकाय से दीपिका नागर पिता दुर्गा प्रसाद नागर 84 प्रतिशत, कॉमर्स संकाय से वंशराज झाला पिता मोरसिंह झाला 84 प्रतिशत (संकुल मे प्रथम) के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में हरिओम शर्मा 91.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान नितिन अहिरवार 88 प्रतिशत, तृतीय स्थान कक्षा बारहवीं में नंदकिशोर नागर 82 प्रतिशत (गणित), सलोनी नागर 77 प्रतिशत (बायो), हिम्मत नागर 81 प्रतिशत (कॉमर्स)के साथ द्वितीय स्थान व चन्दन राठौर 82 प्रतिशत (गणित), किरण प्रजापति 71 प्रतिशत (बायो), पवन नागर 80 प्रतिशत (कॉमर्स) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय संचालक मोहनसिंह नागर, प्राचार्य ललित राजपूत द्वारा विद्यार्थियों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित कर मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान विद्यालय शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावकजन उपस्थित रहे।

### उम्मीदवारों को आपराधिक प्रकरण का विज्ञापन जारी करना होगा

**झाबुआ।** लोकसभा निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दल आपराधिक इतिहास के विवरण सर्व साधारण की जानकारी के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। प्रथम प्रकाशन अभ्यर्थिता वापसी दिनांक से 4 दिवस के अन्दर, द्वितीय प्रकाशन नाम वापसी के बाद के पांचवे दिन से आठवें दिन के मध्य और तृतीय प्रकाशन नाम वापसी के नौवें दिन से प्रचार समाप्ति के पूर्व मतदान दिवस के दो दिवस पूर्व तक किया जाना है। निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शानुसार राष्ट्रीय समाचार पत्र जिनकी कम से कम एक संस्करण की संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सकुर्लेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 75 हजार से अधिक हो एवं जिनका एक से अधिक राज्य में सकुर्लेशन हो। इसी प्रकार ऐसे स्थानीय समाचार पत्रों जिनमें संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सकुर्लेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 25 हजार हो, में प्रकाशन की कार्यवाही की जाना है। रिटर्निंग ऑफीसर की हैण्डबुक के एनेक्जर - 47 के आपराधिक प्रकरण वाले अभ्यर्थी एवं राजनैतिक अंतर्गत प्रारूप सी-1 से सी-8 तथा प्रारूप सीए का उल्लेख है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों से अपेक्षा की गई है कि आपराधिक इतिहास के विवरण सर्वसाधारण की जानकारी के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाए।

### प्रेक्षकों की उपस्थिति में अभ्यर्थियों व उनके प्रतिनिधि का ओरिएंटेशन संपन्न

**झाबुआ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय क्षेत्र 24 रतलाम में नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटन के पश्चात सामान्य प्रक्षक श्री वी संपत और व्यय प्रेक्षक श्री सजीत वी नायर की अध्यक्षता में अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधि का ओरिएंटेशन आयोजित किया गया। जिसमें रिटर्निंग अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना द्वारा सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक को अवगत कराया गया कि अभ्यर्थियों के तय हो जाने के पश्चात मास्टर ट्रेनर के माध्यम से यह ओरिएंटेशन दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स के दलों द्वारा अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों को निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त वाहन अनुमति की प्रक्रिया, परमिट मिलने के पश्चात उसे वाहन की विंडशील्ड पर आवश्यक रूप से चस्पा किया जाना, प्रचार वाहन की अनुमति प्राप्त किया जाना, ऑडियो का एमसी एमसी से पूर्व प्रमाणिकरण प्राप्त करना, अस्थायी कार्यालय सम्बन्धी प्रावधान एवं अनुमति लेना, मतदान केन्द्र पर अभ्यर्थी का बुथ स्थापित करने संबन्धी प्रावधान, आदर्श आचार संहिता के पालन संबंधी जानकारी दी गयी। सामान्य प्रेक्षक द्वारा समस्त अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों से कहा गया कि यदि कोई व्यक्ति निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न कर सकता है तो उसकी जानकारी वरी लिस्ट के रूप मे सामान्य प्रेक्षक को उपलब्ध करा दें। व्यय प्रेक्षक द्वारा बताया गया कि समस्त अभ्यर्थियों को रेट लिस्ट उपलब्ध करा दी गयी है। व्यय लेखा राजिस्टर अपने स्तर पर संधारित करे एवं उसके निरीक्षण के लिए 2 मई, 6 मई एवं 10 मई को कलेक्टर कार्यालय में व्यय प्रेक्षक को निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करे। प्रतिदिन व्यय रजिस्टर सफेद रंग का, नगद रजिस्टर गुलाबी रंग का एवं बैंक ट्रांसेक्शन से संबंधी रजिस्टर पीला रंग का संधारित किया जाए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि समस्त उम्मीदवारो को आपराधिक इतिहास के विवरण का विज्ञापन जारी करना होगा। इसी के साथ होम वोटिंग की दिनांक एवं रुट तय कर समस्त उम्मीदवारों को दी जाएगी जिसके तहत वे एजेन्ट की नियुक्ति कर सकते है। मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व जारी होने वाली एसओपी का पालन करे एवं निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन में अपनी भूमिका निभाए। इस दौरान पुलीस अधीक्षक श्री पद्म पिलोचन शुक्ल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री एस. एस. मुजाल्दा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पी. एल. कुर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्यनारायण दर्रो, समस्त मास्टर ट्रेनर्स अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि एवं अभ्यर्थियो एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शहर में जीएसटी टीम ने वी शक्ति रेडीमेड स्टोर सहित मंडी रोड स्थित अग्रवाल सीमेंट की दुकान पर की छापेमारी

# धार में देर शाम तक टीमों ने की दस्तावेजों की छानबीन, शहर में अन्य दुकानें हुई बंद

**धार ।** धार शहर में मंगलवार को दोपहर तड़के रेडीमेड गारमेंट्स कारोबारी के यहां पर जीएसटी की टीम ने छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि टैक्स चोरी की जानकारी लगने के बाद कारोबारी पर यह कार्रवाई की गई। जीएसटी की छापेमारी से शहर में हड़कंप की स्थिति बन गई थी वही दूसरी टीम कुछ देर बाद मंडी रोड स्थित एक सीमेंट की दुकान पर कार्रवाई करने पहुंच गई जिस दुकानदार चोक गए जानकारी के अनुसार, धार में वी शक्ति रेडीमेड गारमेंट्स कारोबारी व अग्रवाल सीमेंट सेंटर पर जीएसटी टीम ने छापेमारी की। जीएसटी चोरी की सूचना मिलने पर जीएसटी विभाग ने यह कार्रवाई की है। आधा दर्जन से ज्यादा अधिकारी दुकानों में दस्तावेज खंगाल रहे हैं। ऑनलाइन पेमेंट और बही खातों में लेनदेन की एंट्री की जांच की जा रही है। इस साल शहर में दूसरी बार जीएसटी कि टीम ने शहर में दबीच दी है। टीम को बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी की जानकारी लगी है। फिलहाल जांच पूरी होने के बाद विभाग द्वारा अधिकृत जानकारी दी सकता है। वही रेडीमेड संचालक का एक भाई जो सरकारी विभागों में कहीं बड़े बड़े भवनों के ठेके लेता है।






### शहर में कार्रवाई से चौंके व्यापारी

जहां शहर में मंगलवार के दिन बाजार अधिकांश बंद रहता है उसी दिन शहर में टीम के द्वारा कार्रवाई की गई कार्रवाई के दौरान जैसे ही शहर में अन्य व्यापारियों को इसकी जानकारी लगी तो व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकान बंद करके घर की ओर रवाना हो गए क्योंकि जीएसटी की कार्रवाई की भनक लगते ही बात आग की तरह दुकानदारो में फैल गई है जिससे अन्य व्यापारी भी सचेत हो गए वहीं टीम ने सबसे पहले वी शक्ति व मंडी रोड स्थित अग्रवाल सीमेंट की दुकान पर छापेमारी कर दस्तावेज खंगाले वही कार्रवाई दो टीम बनाकर की गई जो देर शाम तक कार्रवाई चलती रही।

### जिले में कई बड़े व्यापारी करते हैं टैक्स की चोरी

बता दें कि जिले शहर में ऐसे कई बड़े व्यापारी है जिनके द्वारा जीएसटी एवं अन्य टैक्सों की चोरी के लिए अन्य प्रदेशों के रास्ते कच्चे बिल पर माल की खरीदी करते है। जिसे इसको मुनाफा मिलता है। वही खुफिया तंत्र ने बताया कि धार शहर में भी एक दर्जन से अधिक ऐसे व्यापारी है जो जीएसटी की चोरी करके अपनी जेब भर रहे हैं। व शासन को राजस्व का नुकसान करने में लगे हैं अगर उनकी शक्ति से कार्रवाई की जाए तो शहर में एक बड़े जीएसटी चोरी का पदार्फाश हो सकता है।

# राम मंदिर निर्माण की कहानी सुन श्रोता अभिभूत

अयोध्या के राम मंदिर का निर्माण किस तरह हुआ, क्या-क्या समस्याओ का सामना करना पढ़ा, कैसे मंदिर के लिए पैरो से जमीन नापी गई आदि संघर्षो और सफलता एवं निर्माण की कहानी से जुड़े अनुभव राम मंदिर के डिजाइनर श्री आशीष सोमपुरा जी ने मोयरा सरिया द्वारा आयोजित इंजीनियर, आर्किटेक्ट एंड डिजाइनर मीट मे बताई आप ने बताया की राम मंदिर के निर्माण की परिकल्पना को 90 में, मेरे पिताजी द्वारा वी.एच.पी के अशोक सिंघल जी के निवेदन पर सर्वप्रथम संजोया गया क चूँकि विवाद की स्थिति के कारण निर्माण की जगह का निरिक्षण करने मे काफी कठिनाई आई थी, अंदर कुछ भी ले जाने की अनुमति नहीं थी वहा पर जगह को पैरो द्वारा ही नापा गया एवं बाद मे कोर्ट के फैसले के बाद कार्य मे तेजी आई ' श्री सोमपुरा जी ने बताया की किसी भी मंदिर का निर्माण 500-700 वर्ष तक का ध्यान मे रह कर किया जाता है लेकिन राम मंदिर का निर्माण 2500 हजार वर्षो को ध्यान मे रख कर किया गया ' मंदिर निर्माण के लिए पहले कई सर्वे और स्टडी की गई ताकि प्राकर्तिक आपदा से मंदिर को कोई नुकसान नहीं पहुंचे ' मंदिर के निर्माण मे कई तकनिकी का उपयोग किया गया है ताकि मंदिर मजबूत बन सके ' श्री सोमपुरा जी जब अपना अनुभव सुना रहे है तो उपस्थित इंजीनियर, आर्किटेक्ट एवं डिजाइनर बड़े ही ध्यान से उन्हे सुन रहे थे एवं रोमांचित हो रहे थे ' कई आर्किटेक्ट एवं डिजाइनर ने अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए कई तरह के प्रश्न सोमपुरा जी से पूछे एवं अपनी जिज्ञासा का निवारण किया ' इससे पहले द्वीप प्रज्वलन कार्यक्रम मे कंपनी के चेयरमैन श्री विमल तोड़ी जी, वाईस एग्जीक्यूटिव चेयरमैन श्री पवन सिंघानिया जी, डायरेक्टर श्री संदीप जैन जी, श्री अमित किशनपुरिया जी, श्री आशीष जालान जी, **CFO** श्री दीपक सराफ जी शामिल हुए, साथ मे **IIA** इंदौर चैप्टर के चेयरमैन आर्किटेक्ट नितिन गुले, एसोसिएशन ऑफ स्ट्रक्चरल इंजीनियर के चेयरमैन एच. आई मेहता जी, **IIID** के चेयरमैन अभिषेक जुल्का जी, एसोसिएशन ऑफ कंसल्टिंग सिविल इंजीनियर से - इंजीनियर डी.एस परिहार जी, **IIA** सेंट्रल बॉडी के वाईस प्रेसिडेंट आर्किटेक्ट जीतेन्द्र मेहता जी भी थे ' सभी एसोसिएशन के मेंबर्स, आर्किटेक्ट-इंजीनियर व डिजाइनर बड़ी संख्या मे कार्यक्रम मे शामिल हुए और कार्यक्रम को सफल बनाया ' कंपनी के डायरेक्टर संदीप जैन जी ने बताया की कार्यक्रम म **entertainment** का तड़का लगाने के लिए कपिल शर्मा एंड शो के प्रसिद्ध कलाकार विकल्प मेहता ने भी कार्यक्रम मे शिरकत की और कार्यक्रम मे चार चाँद लगा दिए '



# महंगाई और बेरोजगारी से निजात दिलाना हमारा परम उद्देश्य



**पड़ाना:** महंगाई और बेरोजगारी का चरम झेल रहे भारत में आज हर साल 6 करोड़ से अधिक लोगों को मात्र एक मेडिकल बिल गरीबी की खाई में धकेल देता है। महंगे इलाज, महंगी जांच और महंगी दवाइयों की वजह से आम आदमी उधारी और ब्याज के ऐसे चक्र में फंस जाता है जहां से बाहर निकलने में उसे वर्षों लग जाते हैं। हमारा संकल्प है कि हम 25 लाख तक का इलाज मुफ्त कर हर भारतीय को इस असुरक्षा के चक्र से बाहर निकालेंगे। अब भारत की किसी महिला को अपने परिवार के इलाज के लिए अपना मंगलसूत्र गिरवी नहीं रखना पडेगा। महिलाओं को 8500 माह देंगे। उक्त उद्गार पड़ाना पहुंची पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी अम्रताराय सिंह ने महिलाओं के साथ संवाद करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हम युवाओं को 1 लाख साल की नौकरी, 30 लाख रिक्तियों पर भर्ती, किसानों को कानूनी एमएसपी देंगे। उन्होंने संवाद के दौरान सरकार को घेरा और कहा कि देश की संपत्ति अरबपतियों की जेब में, चंदे के धंधे वाली वसूली गैंग, संविधान और लोकतंत्र खत्म, किसान पाई-पाई का मोहताज है। हम सभी वर्गो को सम्मान दिलाएंगे। संवाद के दौरान श्रीमती सिंह ने महिलाओं की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण करने का भरोसा दिया। इस मौके पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नंदलाल नागर, ब्लाक उपाध्यक्ष बाबूलाल मालवीय, नगर कांग्रेस अध्यक्ष हरिप्रसाद हाड़ा, पूर्व अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता रामबाबू सेन, मीना मालवीय, रीना मालवीय, दिनेश गुर्जर, आशा बाई वर्मा, प्रीति बाला जैन, सपना गुर्जर, लता वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। इसके पूर्व श्रीमती सिंह ने विगत दिवस दिवंगत हुए कांग्रेस नेता अजीज खां मंसूरी के निधन पर उनके निवास पर जाकर शोक संवेदना प्रकट की और परिवार को सांत्वना दी।

# उमस से लोगों का हाल-बेहाल, सूरज की तेज किरणों के बीच लोग शीतल पेय पदार्थों की तरफ कर रहे रुख

**सारंगपुर:** अप्रैल में जुलाई जैसी हो रही वर्षा का सिलसिला कुछ दिनों के लिए थम गया है। लेकिन वर्षा थमने के बाद जैसे ही मौसम खुला गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। जिसकी वजह से तापमान भी बढ़कर 39 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। वहीं मौसम विभाग ने आगामी सप्ताह में फिर वर्षा की संभावना जताई है। सोमवार को भी आसमान पर बादल छाए रहे। इस दिन वर्षा तो नहीं हुई। जबकि मंगलवार को बादल नहीं छाए और तेज धुप और उमस ने लोगों को खासा परेशान किया। इस दिन तापमान भी 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जिसके और बढ़ने की संभावना है। मंगलवार को गर्म हवाओं के चलते दिनभर लोगों का गर्मी से बुरा हाल हुआ। यही नहीं सूरज ढलने के बाद भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली। मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि आगामी दिनों में तापमान में और तेजी आएगी। जो बढ़कर 40 और इसके बाद 45 डिग्री तक भी पहुंच सकता है। गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में कई जगह पर शीतल पेय पदार्थो की दुकानें सज गई है।

**मई में भी वर्षा के भी आसार :** अब तापमान कम होने की संभावना नहीं है। जिसमें दिनों-दिन बढ़ोत्तरी हो रही है। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार मई के पहले सप्ताह से ही गर्मी का रौद्र रूप देखने को मिल सकता है। जो पहले सप्ताह से ही 40 डिग्री या उससे अधिक ही तापमान रहेगा। इसके अलावा उमस भी बरकरार रहेगी जो लोगों के लिए परेशानी बन सकती है। भले ही दो दिनों से मौसम साफ हो, लेकिन एक बार फिर नया सिस्टम सक्रिय होगा जिसके चलते वर्षा की संभावना बन रही है। मौसम विभाग के अनुसार 6 से 8 मई के बीच नया सिस्टम बनेगा।




# घर घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण कर रहे बीएलओ

**पाडल्यामाता:** आगामी 7 मई को लोकसभा चुनाव के तहत मतदान होना है। मतदान को लेकर अधिकारियो द्वारा मतदान केंद्रों पर पूर्ण व्यवस्था, शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। बीएलओ अपने क्षेत्र में घर घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण कर रहे हैं। ग्राम पाडल्यामाता में मतदान केंद्र क्रमांक 56 से क्रमांक 61 तक 6 मतदान केन्द्रों पर मतदान होना है। जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 2087 पुरुष मतदाताओं की संख्या 2173 कुल 4260 मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाएगा। बीएलओ अख्तर हुसैन मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता पर्ची के साथ मतदाता मार्गदर्शिका का भी वितरण किया जा रहा हैं। जिसमें मतदान से संबंधित जानकारी दी गई हैं।

## नौगांव पुलिस व सायबर सेल की कार्रवाई, लाखों की अवैध बीयर जब्त, नौगांव के 5 युवक गिरफ्तार

# पुलिस ने 300 पेटी बीयर के साथ दो वाहनों को भी किया जब्त

**धार।** सायबर क्राइम ब्रांच और नौगांव पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर शहर के समीप ग्राम लबरावदा में एक पीकअप वाहन से लाखों की अवैध शराब को जप्त कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कयिा है। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान अवैध शराब के वाहन को फालों देने वाली 1 कार और मोटरसाइकिल को भी जप्त किया है। पुलिस ने पांचो आरोपियों पर आबकारी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है साथ गिरफ्तार आरोपियों से पुछताछ की जा रही है उक्त अवैध शराब को उन्हें किसने उपलब्ध कराया था और वह उसे कहा सप्लाय करने जा रहे थे। दरअसल आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण रेंज अनुराग और उप पुलिस महानिरीक्षक निमिष अग्रवाल के द्वारा पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार के नेतृत्व में जिले में अवैध शराब के परिवहन में सलिप्त गिरोह की धडकपड़ हेतु जिले के एसडीओपी, थाना प्रभारी के साथ सायबर सेल पर्यपेक्षणकर्ता अधकिारी उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह सिसौदिया व सायबर शाखा प्रभारी भेरुसिंह देवड़ा को उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था।



**मुखबिर की सूचना पर अलर्ट हुई टीम :** 30 अप्रैल की सुबह सायबर सेल प्रभारी भेरुसिंह देवड़ा को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लबरावदा में शिव मंदिर के सामने मुख्य चौराहे के पास एक पीकअप वाहन एमपी 11 जेडएफ 3396 में बड़ी मात्रा में अवैध बीयर भरकर निकलने वाली है। पीकअप वाहन को आगे और पीछे सहयोग देन के लिए भी फालो के वाहन सफेद कलर की हुंडई ईलेन्ट्रा कार एमपी 09 सीयू 7788 और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल निकलने वाली है।

**वाहन चैकिंग में रोके वाहन :** मुखबिर की सूचना को तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। सायबर सेल प्रभारी भेरुसिंह देवड़ा एवं नौगांव थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील शर्मा की टीम ने ग्राम लबरावदा में शिव मंदिर के समाने वाहन चैकिंग करते हुए हुंडई इलेक्ट्रा कार, महेंद्रा कंपनी की बोलेरों पिकअप और एक बिना नंबर की मोटर साइकिल को रोकर 5 संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया।

**नौगांव के 5 युवक गिरफ्तार :** पुलिस टीम ने बोलेरे वाहन की चैकिंग की तो उसमें लेमाउंट केन बीयर की 300 पेटियों जमी हुई थी जिसकी कीमत 10 लाख से अधिक है। पुलिस द्वारा दस्तावेंज मांगने पर चालक और अन्य युवक संतोषजनक जवाब नही दे सके। पुलिस ने पांचों आरोपी नारायण पिता मुकेश ठाकुर निवासी नौगांव, सुनील पिता सोहन खराडी निवासी सलकनपुर धार, रणवीर उर्फ लल्ला पिता गोपाल ठाकुर निवासी नौगांव, विवेक उर्फ लल्ला पिता अशोक परमार निवासी परदेशी मोहल्ला नौगांव और फैजान उर्फ चिन्नु पिता रहीम पठान निवासी डाबरी नौगाव पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर मौके से एक पीकअप, हुडई इलेक्ट्रा कार, एक हिरो स्पेलेंडर और 5 मोबाइल फोन जप्त किए है।

### आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने सत्ता हासिल करने के लिए संभाला मैदान

# दोनों चुनाव जीतेगी टीडीपी, वाईआरएस कांग्रेस पूरे नहीं कर सकी वादे

**नई दिल्ली** । सत्ता विरोधी लहर के चलते उनकी पार्टी आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा दोनों ही चुनावों में जीत हासिल करेगी। आंध्रप्रदेश की वाईआरएस कांग्रेस अपने वादे पूरे करने में विफल रही। इसलिए उनकी पार्टी आगामी चुनाव में जीत हासिल करेगी। आंध्र प्रदेश की जनता भी कांग्रेस की विफलता को समझ चुकी है।

यह बात आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और टीडीपी के एन. चंद्रबाबू नायडू ने कही। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एक बार फिर सत्ता हासिल करने के लिए जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीडीपी, भाजपा, जन सेना पार्टी का गठबंधन आगामी चुनाव में भारी मतों से जीत हासिल करेगा। लोकसभा की 25 में से 24 सीटों पर और विधानसभा की 175 में से 160 सीटों पर उनकी पार्टी ही जीत हासिल करेगी। आंध्रप्रदेश में 13 मई को चुनाव होना है। नायडू कहते हैं कि वाईएसआरसीपी आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा दिलाने के वादे से सत्ता में आ गई थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद उनका यह मुद्दा ठंडे बस्ते में चला गया। यही नहीं राज्य के विभाजन के 10 साल बाद भी उचित राजधानी भी नहीं बना सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य पूरी तरह वित्तीय कर्ज में डूबा हुआ है। लोगों को पेंशन नहीं मिली है। उन्होंने कहा इस कारण से आंध्रप्रदेश में वाईआरएस का जबरदस्त विरोध चल रहा है।



## वाईआरएस कांग्रेस ने सभी सरकारी संस्थानों को बर्बाद कर दिया

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आंध्रप्रदेश में स्थिति ऐसी हैं कोई भी काम नहीं करना चाहता, क्योंकि सबका मनोबल टूटा हुआ है। गांवों में पानी, बिजली है नहीं, सड़के खराब पड़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वाईआरएस कांग्रेस ने सभी सरकारी संस्थानों को बर्बाद कर दिया, राज्य में अराजकता फैली है, क्योंकि हर क्षेत्र में मंदी है। नायडू ने दावा कि अब यहां की सरकार इनके झूठे वादों को समझ चुकी है, सत्ता विरोधी लहर बढ़ती जा रही है, लोगों ने टीडीपी को जिताने का मन बना लिया है। इसबार आंध्र प्रदेश में भी भगवा पार्टी जीतेगी। चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि वे चाहते हैं कि आंध्र प्रदेश को पुनर्जीवित करना, उसका पुनर्निर्माण करना। उन्होंने आगे कहा कि टीडीपी, ऊपर से नीचे तक संगठनात्मक ढांचे वाली 43 साल पुरानी पार्टी है। जिसने कई ह्लउतार-चढ़ाव देखे हैं। सभी प्रकार के समस्याओं का हल निकाला है। नायडू ने कहा कि राज्य के लोगों को इतना नुकसान हुआ है कि वे वाईएसआरसीपी प्रमुख रेड्डी को करारा जवाब देंगे, जिन्होंने कथित तौर पर शराब को रेत और जमीन पर बढ़ावा देकर राज्य को लूटा है।

## लोग निराश हैं और पहले की तरह आत्महत्या कर रहे हैं

नायडू ने दावा किया कि लोग निराश हैं और पहले की तरह आत्महत्या कर रहे हैं। राज्य में हर कोई पीड़ित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और वाईएसआर कांग्रेस एक ही हैं। उनके पास वही पुराना वोट बैंक है। अगर हम सत्ता में आए तो टीडीपी की सर्वोच्च प्राथमिकता सभी संस्थानों को बहाल करना और लोगों को विश्वास दिलाना और उसके बाद सभी कार्यक्रमों को लागू करना होगा। उन्होंने कहा कि टीडीपी विकास का एक ब्रांड है जिसे वह फिर से साबित करेगी। 13 मई को आंध्र प्रदेश में लोकसी और राज्यसभा चुनाव होना है। इसमें टीडीपी 17 सीटों पर, जेएसपी छह सीटों पर और भाजपा दो सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। तेलुगु देशम पार्टी 144 विधानसभा सीटों पर भी लड़ रही है, जेएसपी और भाजपा क्रमशः 21 और 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रही हैं।

---

### टीएमसी को चेतावनी दे गरजे अमित शाह, पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर निशाना साधा

# जिन गुंडों ने पैसे खाए, उन्हें उलटा लटकाकर करेंगे सीधा

**कोलकाता**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक चुनावी रैली में जमकर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर निशाना साधा है। अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के विकास के लिए नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा भेजे गए केंद्रीय धन को कथित तौर पर खा जाने वाले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गुंडों को उलटा लटका कर सीधा कर दिया जाएगा। एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गृहमंत्री ने कहा, ह्लमोदी ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लगभग 10 लाख करोड़ रुपये भेजे थे। टीएमसी के गुंडे फंड छीन लेते हैं। राज्य में बदलाव लाएं, पश्चिम बंगाल में 30 सीटें जीतने में हमारी मदद करें और भाजपा उन लोगों को उलटा लटका कर उन्हें सीधा कर देगी।

अमित शाह ने पूर्वी बर्दवान के मेमारी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी सुप्रीमो और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी पर तीखा हमला बोला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में इसलिए शामिल नहीं हुईं क्योंकि उन्हें अपने घुसपैठिये वोट बैंक के नाराज होने का डर था। शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव तय करेंगे कि जनता देश में परिवार राज चाहती है या फिर राम राज्य।




## घुसपैठिए ममता सरकार के वोट बैंक

उन्होंने कहा, ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में इसलिए भाग नहीं लिया क्योंकि उन्हें डर था कि कहीं घुसपैठिये नाराज न हो जाएं, जो उनकी पार्टी का वोट बैंक है। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि टीएमसी संदेशखालि के अपराधियों को बचाना चाहती है, लेकिन भाजपा उन्हें सजा देगी। गृह मंत्री ने कहा, यह चुनाव यह भी तय करेगा कि आप भतीजे (टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी) को बंगाल का मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं या फिर नरेन्द्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री। ममता बनर्जी और उनके भतीजे भाजपा कार्यकताओं को जितना चाहे उतना प्रताड़ित कर लें, लेकिन टीएमसी की हार निश्चित है।

## टीएमसी ने किया पलटवार

अमित शाह के बयान पर पलटवार करते हुए टीएमसी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने संवाददाताओं से कहा, ह्लउन्हें एक श्वेत पत्र प्रकाशित करना चाहिए कि केंद्र ने बंगाल के लिए कितना फंड जारी किया है। बंगाल बीजेपी से क्या उम्मीद कर सकता है? पार्टी ने पश्चिम बंगाल के एक भी सांसद को कैबिनेट मंत्री का पोर्टफोलियो नहीं दिया। उन्होंने केवल बंगाल को वंचित किया है। बीजेपी यहां दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाएगी।

### पीएम मोदी के भटकती आत्मा वाले बयान पर भड़के एनसीपी सुप्रीमो, संजय राउत और आदित्या ठाकरे ने भी साधा निशाना

# पीएम मेरी अंगुली पकड़कर राजनीति में आए : पवार

**मुंबई**। एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के खिलाफ की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी से महाविकास अघाड़ी के नेता खफा हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की जमकर आलोचना की। दरअसल, एक दिन पहले पुणे में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने पवार को भटकती आत्मा बताया था। हालांकि, पीएम मोदी ने इस दौरान पवार का नाम नहीं लिया था। पीएम की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए पवार ने कहा कि पीएम मोदी आजकल मुझ पर काफी गुस्सा हैं। एक वक्त था, जब उन्होंने कहा था कि वे मेरी अंगुली पकड़कर राजनीति में आए हैं। अब मुझे भटकती आत्मा कह रहे हैं। हां मैं किसानों का दर्द बताने के लिए भटकता हूं। मैं महंगाई से परेशान आम आदमी का दर्द बताने के लिए भटकता हूं।

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भी पीएम मोदी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की आत्मा दिल्ली से महाराष्ट्र आती है। वह भटकती है। उनकी आत्मा इसलिए भटक रही है क्योंकि चार जून के बाद महाराष्ट्र भाजपा के लिए श्मशान जैसा हो जाएगा। इसलिए पीएम मोदी की आत्मा भटक रही है। यह अघोरी आत्मा है। भाजपा का अंतिम संस्कार महाराष्ट्र में होगा। वहीं, आदित्य ठाकरे ने कहा कि पीएम ने पवार को भटकती आत्मा कहा, यह बिल्कुल सही नहीं है। यह हमारी संस्कृति के खिलाफ है। अगर उन्हें अपने काम पर इतना भरोसा है तो वे अपने काम के बारे में ही बात करें।



## पीएम से पूछूंगा उन्होंने भटकती आत्मा किसे कहाः अजित

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार से पत्रकारों ने पीएम मोदी की टिप्पणी के बारे में सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि पीएम की जब अगली सभा होगी तो मैं भी वहां रहूंगा। तब मैं उनसे पूछूंगा कि उन्होंने भटकती आत्मा किसे और किस उद्देश्य से कहा था। जब वे मुझे बता देंगे तो मैं भी आप सभी को बता दूंगा।

# देश-विदेश

### कनाडा सरकार ने नियमों में किया बदलाव, कोरोनाकाल में हटाई गई थी 20 घंटे की सीमा

# हफ्ते में 24 घंटे ही काम कर सकते हैं विदेशी छात्र

**ओटावा**। कनाडा की सरकार ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक नया नियम बनाया है। इस नियम के तहत अब अंतरराष्ट्रीय छात्र हफ्ते में केवल 24 घंटे तक ही कॉलेज कैंपस से बाहर काम कर सकते हैं। यह नियम सितंबर से लागू होने वाला है। पहले अंतरराष्ट्रीय छात्रों को 20 घंटे से अधिक समय तक कैंपस से बाहर काम करने की अनुमति थी।

आप्रवासन, शरणार्थी और नागरिकता मंत्री मार्क मिलर ने कहा, ह्लछात्रों को कैंपस से बाहर प्रति सप्ताह 20 घंटे से अधिक काम करने की अनुमति देने वाली अस्थायी नीति 30 अप्रैल को समाप्त हो जाएगी। इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, ह्लहमारा उद्देश्य छात्रों द्वारा प्रति सप्ताह कैंपस से बाहर काम करने की संख्या को 24 घंटे में बदलने का है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी वाली सरकार ने देश में कोविड-19 महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए काम के समय पर 20 घंटे की सीमा को अस्थाई रूप से हटा दिया गया था। हालांकि, यह छूट मंगलवार को समाप्त हो रही है। बता दें कि कनाडा भारतीय छात्रों के लिए सबसे पसंदीदा स्थानों में से एक है। अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के लिए कनाडाई ब्यूरो की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा में 3,19,130 भारतीय छात्र थे। यहां के कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्रों की संख्या सबसे अधिक है।



## अपनी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करेंगे

मिलर ने कहा, ह्लजो भी छात्र यहां आते हैं, उन्हें पढ़ाई के लिए यहां आना चाहिए। छात्रों को हफ्ते में 24 घंटे तक काम करने की अनुमति देने का मतलब है वे अपनी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करेंगे। कैंपस के बाहर काम करने से अंतरराष्ट्रीय छात्रों को कार्य अनुभव प्राप्त करने और खर्चों की भरपाई करने में मदद मिलती है।

## ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका में काम करने के घंटों की सीमा निर्धारित

प्रति सप्ताह 28 घंटे से अधिक काम करने वाले छात्रों की शैक्षणिक प्रदर्शन में काफी गिरावट देखी गई है। अधिकांश देश अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए उनके पढ़ाई के दौरान काम करने के घंटों की सीमा निर्धारित करते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में अपनी नीति में बदलाव किया है। यहां प्रत्येक छात्र को दो हफ्तों में 48 घंटे काम करने की अनुमति दी गई है। अमेरिका में भी छात्रों को कैंपस से बाहर काम करने की अनुमति देने से पहले अतिरिक्त मानदंडों को पूरा करना होता है।

# मालदीव के लोगों ने भारतीय नागरिकों को पीटा, दो गंभीर घायल

**माले**। मालदीव के निवासियों और भारतीय नागरिकों के बीच झड़प होने की घटना सामने आई है। झड़प में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और इस घटना के बाद एक स्थानीय निवासी को हिरासत में लिया गया है। मीडिया ने मंगलवार को यह खबर दी। पुलिस ने ये नहीं बताया कि इस घटना की वजह क्या थी लेकिन स्थानीय निवासी को हिरासत में लिया गया है जिससे मालूम होता है कि उसी की तरफ से उकसाया गया होगा।

समाचार पोर्टल अधाधू डॉट कॉम की खबर के अनुसार दोनों समूहों के बीच झड़प माले से लगभग सात किलोमीटर उत्तर पूर्व में हुलहुमले स्थित सेंट्रल पार्क में सोमवार रात लगभग 9:00 बजे हुई। समाचार पोर्टल ने पुलिस के हवाले से बताया कि हिरासत में लिया गया संदिग्ध मालदीव का है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया कि घायल कौन थे। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल हुए दो लोगों को हुलहुमले अस्पताल ले जाया गया और इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने कहा कि पार्क के अंदर मालदीव और भारतीयों के एक समूह के बीच झड़प हुई और मामले में आगे की जांच चल रही है। बता दें कि ये घटना ऐसे समय में सामने आई है जब दोनों देशों के बीच आपसी संबंध अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं।




### 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार के लिए वोट मांगते हुए भाजपा सरकार को हटाने के लिए की थी वोट जिहाद की अपील

# भड़काऊ भाषण पर सलमान खुर्शीद और सपा नेता मारिया आलम के खिलाफ केस दर्ज

**फर्रुखाबाद**। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और समाजवादी पार्टी (सपा) नेता मारिया आलम खान के खिलाफ के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उनके खिलाफ एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने भाजपा सरकार को हटाने के लिए वोट जिहाद की अपील की है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट की मानें तो दोनों के खिलाफ फतेहगढ़ जिले के कायमगंज पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 188 और 295 ए के तहत केस दर्ज किया गया है। बता दें फरुर्खाबाद लोकसभा सीट से विपक्षी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के लिए वोट मांगते हुए सपा नेता मारिया आलम ने भाजपा सरकार को हटाने के लिए वोट जिहाद की अपील की और इसे अल्पसंख्यक समुदाय के लिए मौजूदा हालात में जरूरी बताया।






कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी और सपा नेता मारिया आलम ने सोमवार को खुर्शीद की मौजूदगी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए वोट जिहाद की अपील की। उन्होंने मुसलमानों से एकजुट होने का आा ान करते हुए कहा, संघी (भाजपा) सरकार को हटाने के लिए बहुत अक्लमंदी के साथ एक साथ होकर, बहुत खामोशी से वोटों का जिहाद करो, क्योंकि हम सिर्फ वोटों का जिहाद कर सकते हैं। मारिया आलम ने भरोसे के साथ कहा, हम सब संघी सरकार को भगाने का काम कर सकते हैं।

## खामोशी के साथ मिलकर वोट जिहाद करें: मारिया आलम खान

कायमगंज में इंडिया गठबंधन के घटक सपा के प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य के लिए समर्थन मांगते हुए मारिया आलम ने कहा, बहुत समझदारी से बिना भावुक हुए और खामोशी के साथ मिलकर वोट जिहाद करें क्योंकि वोट जिहाद से ही हम इस संघी सरकार को भगा सकते हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि अब हाथ मिलाने का समय आ गया है, मारिया ने कहा कि अन्यथा यह संघी सरकार हमारे अस्तित्व को मिटाने में सफल हो जाएगी। उन्होंने मौजूदा भाजपा सांसद एवं प्रत्याशी मुकेश राजपूत का नाम लेते हुए कहा, बहुत शर्म आती है कि कुछ मुसलमानों ने मुकेश राजपूत की बैठक करायी।

### आज से बदलेंगे बैंकों के नियम, जेब पर बढ़ेगा भार

# बचत खातों पर बढ़ेगा शुल्क, क्रेडिट कार्ड से यूटिलिटी भुगतान पर सरचार्ज

**नई दिल्ली।** मई माह की शुरुआत के साथ वित्तीय जगत से जुड़े कई बदलाव होने वाले हैं। ये परिवर्तन सीधे आम आदमी की जेब पर असर डालेंगे। मई महीने में सिलेंडर की कीमतों में बदलाव हो सकता है। म्युचुअल फंड निवेशकों और बैंक ग्राहकों से जुड़े कई नियम भी बदलने वाले हैं। मई महीने में कुछ बैंकों के बचत खातों पर लगने वाले शुल्क में इजाफा होगा। कुछ बैंक क्रेडिट कार्ड के जरिए यूटिलिटी भुगतान पर सरचार्ज भी लगाने वाले हैं। वरिष्ठ नागरिकों की सावधि जमा के डेडलाइन में भी परिवर्तन हो सकता है। पेट्रोलियम कंपनियां हर महीने पेट्रोल-डीजल और एलपीजी के कमर्शियल व घरेलू सिलेंडरों की कीमतों की समीक्षा करती है। ऐसे में संभव है एक मई से इनकी कीमतों में परिवर्तन देखने को मिले। इसी तरह अगर आप म्युचुअल फंड में निवेश करते हैं तो एक मई 2024 से एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। 30 अप्रैल 2024 के बाद अगर आपके म्युचुअल आवेदन पर लिखा नाम आपके पैन कार्ड पर लिखे नाम के सामान नहीं हुआ तो आपका आवेदन रद्द हो जाएगा।

आधिकारिक रिकॉर्ड में आपका नाम एक जैसा दिखे यह सुनिश्चित करने के लिए केवाईसी नियमों में बदलाव किया गया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अनिवार्य केवाईसी नियम कहते हैं कि आपका नाम एक समान होना चाहिए। इसे अनुसार आप पहली बार म्यूचुअल फंड फोलियो में निवेश कर रहे हैं, तो आपका नाम और आपकी जन्मतिथि आपके पैन पर लिखे नाम और जन्मतिथि के साथ-साथ आपके इनकम टैक्स रिकॉर्ड के समान होना चाहिए। राहत की बात यह है कि नया नियम नए निवेशकों को प्रभावित करेगा, न कि मौजूदा निवेशकों को।




### आईसीआईसीआई बैंक में होंगे ये बदलाव

1 मई से आईसीआईसीआई बैंक बचत खाता सेवाओं पर लगने वाले शुल्क में परिवर्तन करेगा। इसमें डेबिट कार्ड पर लगने वाले 200 रुपये तक की सालाना फीस शामिल है। ग्रामीण इलाकों के लिए यह शुल्क 99 रुपये प्रति वर्ष है। चेक बुक की बात करें तो एक वर्ष में 25 चेक तक को शुल्क देय नहीं होगा पर इससे अधिक के लिए बैंक 4 रुपये प्रति चेक का शुल्क वसूल करेगा। बैंक आउटवर्ड इमीडिएट पेमेंट सर्विस (आईएमपीएस) लेनदेन के लिए 2.5 रुपये से 15 रुपये प्रति लेनदेन के हिसाब से शुल्क लेगा। डिमांड ड्राफ्ट या पे ऑर्डर को रद्द करने, डुप्लिकेट या रिवैलिडेशन के लिए बैंक 100 रुपये का शुल्क लेगा। बैंक हस्ताक्षर सत्यापन के लिए प्रति आवेदन के लिए 100 रुपये और बैंक शाखा के जरिए किसी विशेष चेक के भुगतान को रोकने के लिए 100 रुपये चार्ज करेगा हालांकि कस्टमर केयर आईवीआर और नेट बैंकिंग के माध्यम से यह सुविधा मुफ्त में मिलेगी। वित्तीय कारणों से ईसीएस/एनएसीएच डेबिट रिटर्न पर 500 रुपये जुमार्ना लगेगा।

### यस बैंक के बचत खातों से जुड़े शुल्क बदलेंगे

यस बैंक ने 1 मई बचत खाता सेवाओं पर लगने वाले शुल्क में बदलाव की घोषणा की है। बैंक ने बचत खातों में अनिवार्य औसत मासिक शेष (एएमबी) से कम होने की स्थिति में अधिकतम शुल्क बढ़ा दिया है। अब बैंक ऐसी स्थिति में 250 रुपये से 1,000 रुपये के बीच चार्ज करेगा। इससे पहले यह शुल्क 250 रुपये से 750 रुपये के बीच था। बचत खाते के प्रकार, बैंक शाखा के स्थान और खाते में कमी की राशि के आधार पर यह शुल्क अलग-अलग होते हैं। अपर्याप्त धनराशि के कारण ईसीएस (इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सर्विस) रिटर्न की स्थिति में बैंक अब पहली बार 500 रुपये का शुल्क लेगा। दूसरे रिटर्न पर बैंक 550 रुपये का चार्ज करेगा।

### वरिष्ठ नागरिकों की एफडी से जुड़ा बदलाव

एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ नागरिकों के सावधि जमा खातों में निवेश की आखिरी तारीख 02 मई 2024 है। इन खातों में सामान्य एफडी खातों की तुलना में 0.75 फीसदी अधिक ब्याज दिया जाता है। यह ऑफर 60 वर्ष या उससे से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों के लिए है। संभव है कि बैंक की ओर इन खातों में जमा की आखिरी तारीख में बदलाव किया जाए और इसे आगे बढ़ा दिया जाए।

### यस बैंक और आईडीएफसी बैंक ने यह किया बदलाव

यस बैंक और आईडीएफसी बैंक ने एक मई से क्रेडिट कार्ड के जरिए यूटिलिटी भुगतान पर सरचार्ज लगाने का एलान किया है। टेलीफोन बिल, इलेक्ट्रिक बिल, गैस, पानी, इंटरनेट सेवाएं और केबल सर्विसेज से जुड़े पेमेंट यूटिलिटी भुगतान के अंतर्गत आते है। अगर यूटिलिटी सेवाओं का भुगतान 15000 रुपये से अधिक है तो यस बैंक उस पर 1 प्रतिशत के सरचार्ज के अलावे जीएसटी भी वसूलेगा। आईडीएफसी बैंक ने 20,000 रुपये से अधिक के यूटिलिटी भुगतान पर 1 रुपये सरचार्ज के साथ जीएसटी चार्ज करने की बात कही है।

# पतंजलि : सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 'दूसरे माफीनामे में उल्लेखनीय सुधार'

### बिना शर्त सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने के मामले में हुई प्रगति की सराहना, अब 7 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की ओर से अखबारों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने के मामले में हुई प्रगति की मंगलवार को सराहना की। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा कि माफी की भाषा पर्याप्त है और इसमें नाम भी हैं।



न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा, मुझे नहीं पता कि दूसरी माफी किसकी जांच को लेकर है। उल्लेखनीय सुधार हुआ है, हम इसकी सराहना करते हैं। अब आखिरकार वे समझ गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब माफीनामा प्रकाशित किया गया था, तो केवल कंपनी का नाम था। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा, ह्लअब नाम आ गए हैं। यह एक उल्लेखनीय सुधार है, हम इसकी सराहना करते हैं, भाषा पर्याप्त है। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कंपनी के वकील से पूछा कि उन्होंने अखबारों में प्रकाशित माफीनामा क्यों ई-फाइल किया जबकि अदालत ने 23 अप्रैल को विशेष रूप से मूल प्रति दाखिल करने को कहा था। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा, यह हमारे आदेश का अनुपालन नहीं है।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि कंपनी के वकील ने माना है कि उनके वकील को अदालत द्वारा पारित आदेशों के बारे में कुछ गलतफहमी हुई है और प्रत्येक अखबार के मूल पृष्ठ को दाखिल करके आदेश का पालन करने का एक और अवसर दिया जाना चाहिए जिसमें सार्वजनिक माफी प्रकाशित की गई है। पीठ ने मामले की सुनवाई सात मई के लिए स्थगित करते हुए कहा, ह्लरजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि जब भी यह दस्तावेज दाखिल किया जाए उसे स्वीकार किया जाए। रोहतगी ने मामले में अगली सुनवाई के लिए रामदेव और बालकृष्ण को निजी पेशी से छूट देने का अनुरोध किया। पीठ ने कहा, यह छूट सुनवाई की अगली तारीख तक सीमित है।

शीर्ष अदालत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा 2022 में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें कोविड टीकाकरण अभियान और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों को बदनाम करने का आरोप लगाया गया है। शीर्ष अदालत ने 23 अप्रैल को मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि अखबारों में प्रकाशित सार्वजनिक माफीनामा रिकॉर्ड में नहीं है और उसे दो दिनों के भीतर दायर करने को कहा था।

### हांगकांग ने एमडीएच मसालों और एवरेस्ट के फिश करी मसालों की बिक्री पर लगा दी है रोक

# हांगकांग-सिंगापुर के बाद अब ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड पहुंची मसालों की जांच

**नई दिल्ली** एमडीएच और एवरेस्ट मसाला विवाद की आंच हांगकांग और सिगापुर होते हुए अब ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड तक पहुंच चुकी है। खाद्य मानक ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड (एफएसएएनजेड) ने मंगलवार को घोषणा की है कि वह भारतीय कंपनियों एमडीएच और एवरेस्ट की ओर से उत्पादित मसालों में गड़बड़ी के आरोपों की जांच कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हांगकांग और सिंगापुर की तरह ही इस तरह की कार्रवाई के बाद ऑस्ट्रेलिया में भी इन उत्पादों को बाजार से वापस बुलाया जा सकता है।




हांगकांग ने हाल ही में तीन एमडीएच मसालों और एवरेस्ट के फिश करी मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। सिंगापुर ने एथिलीन ऑक्साइड के अत्यधिक स्तर का हवाला देते हुए बाजार से एवरेस्ट मसाले को मंगा लिया है। यह एक ऐसा रसायन है जिसके संपर्क में लंबे समय तक रहने से यह कैंसर का कारण बन सकता है। एफएसएएनजेड ने एक बयान में कहा, ह्लहम इस मुद्दे को समझने के लिए अंतरराष्ट्रीय समकक्षों के साथ और संघीय, राज्य और क्षेत्रीय खाद्य प्रवर्तन एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि ऑस्ट्रेलिया में आगे की कार्रवाई की आवश्यकता है या नहीं। एजेंसी ने कहा कि एथिलीन ऑक्साइड को ऑस्ट्रेलिया में बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थों में उपयोग करने की अनुमति नहीं है। अगर कार्रवाई आगे बढ़ती है तो प्रभावित उत्पादों को बाजार से वापस मंगाया जा सकता है। एमडीएच और एवरेस्ट भारत के प्रमुख मसाला ब्रांड हैं जो यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में महत्वपूर्ण उपस्थिति रखते हैं। अमेरिका में यूनाइटेड स्टेट्स फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) भी इस मामले की जांच कर रहा है। भारत में भी खाद्य नियामक ने एमडीएच और एवरेस्ट दोनों की उत्पादन सुविधाओं का निरीक्षण किया है। भारतीय मसालों पर सवाल खड़े होने और अंतरराष्ट्रीय नियामकों की ओर से जांच शुरू होने से खाद्य पदार्थों के प्रति स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ी हैं। आस्ट्रेलिया में ग्राहकों को सलाह दी गई है कि जांच के बाद होने वाले संभावित रिकॉल के बारे में सचेत रहें और खरीदारी के दौरान खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करें।


## खेल

### चयन के लिए समय कम होने के कारण नहीं कराया जाएगा ट्रायल, दीपक-सुजीत जाएंगे इस्तांबुल

# कुश्ती संघ ने ओलंपिक क्वालिफायर टीम में नहीं किया बदलाव

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने फैसला लिया है कि नौ से 12 मई को इस्तांबुल (तुर्किये) में होने वाले अंतिम ओलंपिक क्वालिफायर में वही टीम खेलेगी जो पहले ओलंपिक क्वालिफायर में खेली थी। टीम के चयन के लिए समय कम होने के कारण कोई ट्रायल नहीं कराया जाएगा।

बिश्केक (किर्गिस्तान) में हुए पहले ओलंपिक ट्रायल में दीपक पूनिया (86 भार वर्ग) और सुजीत कलकल (65) दुबई एयरपोर्ट पर फंस जाने के कारण नहीं खेल पाए थे। इस बार दोनों पहलवान अंतिम क्वालिफायर में कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं। दोनों सात मई को टीम के साथ इस्तांबुल रवाना होंगे। दोनों ने अपने रूस में अभ्यास कार्यक्रम को भी टाल दिया है। इस्तांबुल में छह-छह भारतीय पहलवान फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में उतरेंगे, जबकि दो महिला पहलवान मानसी (62), निशा (68) खेलेंगी। यहां पहले तीन स्थान पर रहने वाले पहलवानों को ओलंपिक टिकट मिलेगा। अब तक भारत को चार महिला पहलवानों अंतिम पंघाल, विनेश फोगाट, अंशु मलिक और रीतिका ने ओलंपिक कोटा दिलाया है।



### ओलंपिक टीम के चयन को होंगे ट्रायल

सुजीत के पिता कुश्ती कोच दयानंद का कहना है कि सुजीत इस वक्त रायपुर अखाड़े में उनकी देखरेख में तैयारी कर रहे हैं। महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह का भी मानना है कि उन्हें अंतिम क्वालिफायर में टोक्यो ओलंपिक में पांचवें स्थान पर रहने वाले दीपक पूनिया और सुजीत के अलावा अमन (57) से काफी उम्मीदें हैं। संजय सिंह का कहना है कि पहले क्वालिफायर के बाद समय काफी कम था, इस वजह से टीम के चयन के ट्रायल नहीं कराए जा रहे हैं। अंतिम क्वालिफायर के बाद जिन भार वर्गों में ओलंपिक कोटा हासिल किया गया है। उनमें चयन ट्रायल कराकर पेरिस के लिए टीम भेजी जाएगी।

**भारतीय टीम:**

फ्रीस्टाइल: अमन (57 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), दीपक पूनिया (86 किग्रा), दीपक (97 किग्रा), सुमित (125 किग्रा)।
ग्रीको रोमन: सुमित (60 किग्रा), आशु (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा)।
महिला कुश्ती: मानसी (62 किग्रा), निशा (68 किग्रा)।

# युवा मुक्केबाज बृजेश, सागर सुमित ने पक्के किए पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए देश के लिए तीन पदक पक्के कर लिए हैं। बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने इस युवा चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्के कर लिए हैं।

बृजेश (48 किग्रा) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक-एक दौर जीता, लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किग्रा) और सुमित (67 किग्रा) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किग्रा भार वर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी।



### आठ पदक पक्के कर चुका है भारत

भारत के युवा वर्ग में आठ पदक पक्के हो चुके हैं क्योंकि पांच महिला पहलवान अन्नु (48 किग्रा), पार्थवी ग्रेवाल (66 किग्रा), निकिता चंद (60 किग्रा), खुशी पूनिया (81 किग्रा) और निर्झरा बाना (81 प्लस किग्रा) सेमीफाइनल से अपने अभियान की शुरूआत करेंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकीं एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किग्रा) मंगलवार को उजबेकिस्तान की उत्तामोवा से खेलेंगी।

# उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में 5-0 से हारी भारतीय महिला टीम

**चेंगदू (चीन)।** भारत की महिला टीम को मंगलवार को चेंगदु में चल रहे उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में चीन ने 5-0 से रौंद दिया। युवा सनसनी अनमोल खरब टखने में चोट के कारण आंखों में आंसुओं के साथ कोर्ट से हटना पड़ा।



कनाडा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार मुकाबलों में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी भारतीय टीम ने अश्मिता चालिहा को 15 बार की चैंपियन टीम के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतारा। भारत इस टूर्नामेंट में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के बिना खेल रहा है जिन्होंने टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया। इसके अलावा अश्विनी पोनप्पा-तनीशा क्रास्तो और त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद के बिना भारतीय टीम यह टूर्नामेंट खेल रही है।



# तीन-चार दिन में 4 डिग्री तक बढ़ेगा तापमान, झुलसाएगी गर्मी

भोपाल। प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर बनी तीन मौसम प्रणालियों के असर से हवाओं के साथ कुछ नमी आ रही है। इस वजह से कहीं-कहीं आंशिक बादल बने हुए हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार अगले तीन-चार दिन में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। चार मई को एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत पहुंचने के बाद पांच मई से एक बार फिर तापमान में कुछ गिरावट होने लगेगी। भोपाल के बड़ा तालाब के आसपास छाई हरियाली गर्मी में सुकून देती नजर आई।

### कांग्रेस नेताओं ने थामा भाजपा का दामन, जनसभा को मंत्री राजनाथ सिंह ने किया संबोधित

# जैसे डायनासोर गायब हुए, वैसे कांग्रेस भी होगी

**भोपाल/खंडवा।** जिले के पुनासा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा बार-बार लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने का सिलसिला अब बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि अगले चुनाव एक साथ होंगे। इसके लिए जरूरी हुआ तो संशोधन भी करेंगे। हमारी पार्टी इसके लिए प्रस्ताव लेकर आएगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से धरती से डायनासोर गायब हो गए उसी तरह से कुछ दिनों में कांग्रेस भी धरती से गायब हो जाएगी। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 13 में को होने वाले लोकसभा चुनाव में सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल को चुनाव में विजय श्री प्राप्त हो इस हेतु पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी के मुख्यमंत्री एवं देश



के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मांधाता के विधानसभा पुनासा पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया।

जीताकर सांसद बनाएं ताकि ये संसदीय क्षेत्र के विकास के साथ आप सभी की सेवा कर सके, 4 लाख से अधिक मतों से जितने के पक्ष में फिर खंडवा पहुंचूंगा और मैं माला नहीं पहनकर आप सभी का सम्मान और सत्कार करुंगा, जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद एवं प्रत्यासी ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि वर्षों तक कांग्रेस ने इस देश पर राज किया लेकिन देश का विकास और गरीब कल्याण के लिए कोई कार्य कांग्रेस सरकार नहीं कर पाई, डबल इंजन की सरकार द्वारा देश और प्रदेश के साथ हमारे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हुआ है, सैकड़ो जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों के सपने को पूर्ण करने के कार्य हमारी सरकार कर रही है, कम समय के कार्यकाल में भी मैंने संसदीय क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रखी, आप सब का आशीर्वाद इस चुनाव में फीर मुझे प्राप्त हो ताकि मै संसदीय क्षेत्र के विकास के साथ आपकी सेवा कर सकूं, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि राजनाथ सिंह जी की सभा में लोकसभा में कांग्रेस की ओर से दावेदारी कर रहे राजू चांदमल जैन के सुपुत्र शुभम जैन और पहले डी पहलाद सिंह थापना भाजपा में शामिल हुए अतिथि श्री राजनाथ सिंह जी एवं प्रत्यासी ज्ञानेश्वर पाटिल ने उनका स्वागत किया, जनसभा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन सूरजपाल सिंह ने किया एवं आभार दिनेश शर्मा ने माना कार्यक्रम में गायक कलाकार योगेश गदले ने भजन एवं गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।

### बोर्ड परीक्षाओं में खराब रिजल्ट को लेकर बोले कमलनाथ

# झूठ बोलने की जगह बच्चों का भविष्य संभाले सरकार

**भोपाल।** कुछ दिन पहले आए मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षाओं के खराब रिजल्ट नई शिक्षा भी व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। इसे लेकर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मध्यप्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग को घेरा है।

कमलनाथ ने अपने सोशल साइट एक्स पर लिखा है कि मध्यप्रदेश की 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम का जो विश्लेषण अब सामने आ रहा है, वह और भी ज्यादा चिंताजनक है। अगर 30 प्रतिशत बच्चे ऐसे हैं, जो सभी विषय में फेल हो



गए तो हमें सोचना पड़ेगा कि मध्यप्रदेश में शिक्षा का स्तर क्या है और इसकी गुणवत्ता किस तरह कमजोर होती जा रही है? सरकार झूठ बोलने की जगह बच्चों के भविष्य की चिंता करे।

उन्होंने आगे लिखा कि मैं हमेशा कहता हूं कि हमें अपने बच्चों के भविष्य की चिंता करनी है। अगर भविष्य खराब हो जाएगा तो आने वाली पीढ़ी का क्या होगा? लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि प्रदेश में शिक्षा का स्तर बढ़ाने, अध्यापकों की समुचित संख्या तैनात करने, अतिथि शिक्षकों को सम्मानजनक वेतन देने की कोई पहल मध्यप्रदेश सरकार द्वारा नहीं की जा रही है। मध्यप्रदेश के राजनैतिक नेतृत्व को इवेंटबाजी और विज्ञापनों से फुरसत नहीं है। बेहतर होगा सरकार झूठ के बल पर अपना चेहरा चमकाने के बजाय शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक निवेश और सुधार कर बच्चों का भविष्य चमकाए।

### चुनाव को लेकर पुलिस की रात में गश्त, 475 स्थाई और 224 वारंटियों की हुई गिरफ्तारी, 60 जमानती वारंट हुए तामिल

# छह घंटे में 800 जवानों ने 759 बदमाशों को किया गिरफ्तार

**भोपाल।** राजधानी पुलिस ने सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब छह घंटे की काबिंग गश्त की, इसमें 759 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इसमें 475 स्थाई और 224 वारंट तामील किए गए। इसमें 60 के करीब वारंट जमानती थे। पुलिस ने देर रात बदमाशों को घर - घर जाकर चेक किया गया। पुलिस की यह कार्रवाई पुलिस की चारों जोन में हुई। पिछले दो साल में यह 14 वी बार कांबिंग गश्त की गई है। इसमें अभी 7773 बदमाश गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस के इस अभियान में पुलिस के अधिकारी समेत 800 जवान शामिल हुए।

आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्भीक संपन्न कराने के लिए पुलिस



आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने 29 और 30 अप्रैल की रात में पुलिस कमिश्नर कार्यालय परिसर में सभी थानों का बल,उसके साथ पुलिस लाइन का बल और पुलिस कमिश्नर कार्यालय में तैनात पुलिस कर्मचारियों को इक्ट्ठा किया गया। बाद में पुलिस कमिश्नर ने पुलिस कर्मियों को संबोधित किया और चारों जोन में बदमाशों की धरपकड़ के निर्देश देकर रवाना किया गया। बाद में चारों जोन के पुलिस उपायुक्त एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तथा उनकी टीम पूरी रात सक्रीय रही एवं वारंटियों धरपकड़ की गई।

इस दौरान अधिकारियों पुलिस कार्रवाई निगरानी करते रहे और बीच- बीच में पुलिस कर्मियों को मार्गदर्शन देते रहे।पुलिस की गश्त सोमवार रात 11 बजे से मंगलवार को सुबह पांच बजे तक जारी रही है।6 घंटे की गश्त में कुल 475 स्थाई वारंट , 224 गिरफ्तारी वारंट, 60 जमानती वारंट समेत कुल 759 बदमाशों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। साथ ही थाना क्षेत्र के गुंडे, बदमाश, हिस्ट्रीशीटर चेक किए गए। जो बदमाश शराब पीते मिले , उन पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई भी की गई।तामील कराए गए वारंटियों में हत्या , दुष्कर्म, लूट, चेक बाउंस, धोखाधड़ी समेत अनेक गंभीर व आर्थिक संबंधित अपराधी भी हैं। हम बता दें कि भोपाल कमिश्नरेट में अब तक 14 बार काबिंग गश्त की जा चुकी है। इसमें कुल-7773 वारंटियों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

### सागर में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे मंत्री गोविंद सिंह ने कसा तंज

# ऐसा ही चलता रहा तो 7 मई तक जीतू पटवारी भी शामिल हो जाएंगे भाजपा में

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में जहां लोकसभा चुनाव 2024 के बीच दल-बदल का खेल जारी है। वहीं, बयानबाजी का भी दौर चरम पर है। कांग्रेस-बीजेपी के नेता चुनावी सभाओं में बड़े-बड़े बयान देते हुए नजर आ रहे हैं। अब मध्यप्रदेश शासन के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि ऐसा ही चलता रहा तो मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी सात तारीख तक



बीजेपी ज्वाइन कर लेंगे।

दरअसल, सागर में मंत्री राजपूत कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। कार्यकताओं के बीच मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस से बीजेपी में नेताओं का आना लगा हुआ है, हो सकता है कि सात मई तक जीतू पटवारी भी बीजेपी में आ जाएं। बता दें कि मध्यप्रदेश में बीजेपी का ज्वाइनिंग अभियान लगातार जारी है। पूर्व मंत्री और विजयपुर से कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत मंगलवार को बीजेपी में शामिल हो गए। उनके साथ मुरैना की महापौर शारदा सोलंकी ने भी बीजेपी की सदस्यता ले ली। मुख्यमंत्री ने उन्हें सदस्यता दिलाई।

## हाउसिंग बोर्ड की तरह 120 करोड़ रुपए से नगर निगम बनाएगा 15 मंजिला इमारत

**भोपाल।** शहर में सस्ते और किफायती मकान बनाने वाला नगर निगम भी मंहगे अपार्टमेंट बनाने की तैयारी कर रहा है। मप्र हाउसिंग बोर्ड की तर्ज पर नगर निगम पहली बार 15 मंजिला हाईराईज्ड बिल्डिंग बनाने जा रहा है। इस प्रोजेक्ट को लेकर टीएडंसीपी से अनुमति मिल गई है। अब फाइल रेरा में पजीयन के लिए भेजी गई है। इसके वापस आते ही 15 मंजिला इमारत बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि यह नगर निगम का सबसे मंहगा प्रोजेक्ट होगा। इसमें रहवासियों को 61 लाख रुपये में थ्री बीएचके और एक करोड़ रुपये में फोर बीएचके मिलेगा।

बता दें कि अब तक हाउसिंग फॉर आल के तहत स्लम और नरन स्लम वालों के लिए ही आवास बनते रहे हैं। एचएचए प्रोजेक्ट को लोग सब्सिडी वाले मकानों के रूप में ही देखते हैं। लेकिन अब इस प्रोजेक्ट को नगर निगम कामर्शियल रूप देने जा रहा है। संभवत देशभर में यह अपने आप में एक बड़ा प्रोजेक्ट होगा। इसमें सिर्फ दो श्रेणियां रखी हैं। पहली थ्री बीएचके और दूसरी फोर बीएचके है। यानि इसमें फ्लेट लेने की आम लोग हिम्मत नहीं कर सकते।

**जागरूकता**

### सारिका के साथ नृत्य एवं संगीत पर झूम कर भोपाल ने लिया संकल्प- होगा शत प्रतिशत मतदान

# आपकी अंगुली में है देश की सरकार बनाने की ताकत




**भोपाल।** आपकी अंगुली में ये हिम्मत है कि वो आने वाले पांच सालों के लिये देश की सरकार बना सकती है। इसके लिये अब सभी मतदाताओं को घर से निकलना है और मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान कर अपनी सरकार बनाना है और इसके माध्यम से आपकी अंगुली की ताकत दिखाना है।

ये बात स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने स्वीप गतिविधियां के अंतर्गत भोपाल के मतदाताओ से वोट क्लब , चिनार पार्क तथा जिला अदालत के सामने आयोजित कार्यक्रम में गीत तथा ग्रुप डांस के माध्यम से समझाई। सारिका के इस नवाचार में युवाओं, महिलाओं के साथ नवमतदाताओं ने उत्साह से भाग लेते हुये शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। फ्लैश मॉब के रूप में अचानक लोगों के समूह के बीच पहुंच कर रोचक तरीके से मतदान का महत्व बताया गया।

सारिका ने कहा कि नवमतदाता एवं युवा अपनी ताकत पहचाने और मंगलवार 7 मई को हर हालत मे अपने मतदान केंद्र समय पर पहुच कर अपना वोट डालें। प्रत्येक मतदाता ही आने वाले देश की किस्मत को अपने वोट के माध्यम से लिखेगे। देश को दिशा दिलाने के लिये वोट देने जरूर जाना है। सभी भोपाल वासी मतदाता वोट देकर आप गर्व से कहिये इट इज माई मार्क ये मेरा निशान।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.ली. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड़, इंदौर (मध्य प्रदेश)पिन- 452011 से प्रकाशित। संपादक - मिलिंद बायवार*। आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117 मो. 07313144237, 83570-89000, Email: mradubhashi.news@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)

## ब्रीफ न्यूज़

### 12 बोर बंदूक लूटकर भागने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाजापुर।** 19 अप्रैल को उमरिया निवासी एक व्यक्ति की 12 बोर लायसेंसी बंदूक लेकर भागने वाले 3 आरोपियों को मोहन बड़ोदिया पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। एक आरोपी ओर पुलिस के हत्थे चढा है जिसकी सूचना पर बदमाश वारदात को अंजाम देते थे। एसपी यशपालसिंह राजूपत के निर्देशन मे एवं एएसपी टीएस बघेल, एसडीओपी के नेतृत्व मे चोरी/लूट की घटनाओ पर लगाम लगाने एंव चोरो को पकडने एंव चोरी/लूट को रोकने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। वहीं अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए के नगद ईनाम की घोषणा की थी। इसी कड़ी में चोरी व लूट की घटनाओ की रोकथाम के इसी क्रम मे दिनांक 19 अप्रैल 2024 को फरियादी अरविन्द सिंह पिता अंतर सिंह राजपूत निवासी उमारिया दया की लायसेंसी 12 बोर बन्दुक को लुटकर मोटर साईकिल से भागने वाले अज्ञात 03 आरोपियों के विरूद्ध थाना मोहन बड़ोदिया पर अपराध कमांक 109/2024 धारा 392 इजाफा धारा 394 भादवि के अन्तर्गत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, जिस पर मोहन बड़ोदिया पुलिस ने मुखबिर सुचना और तकनीकी सहायता की मदद से पुलिस ने कुल चार आरोपियों इलियास पिता रियाज खान उम्र 24 वर्ष, माहिर पिता बाबू खां (20), अरबाज पिता सरफराज खान (25) एवं नासिर पिता फारूक खान (39) सभी निवासी ग्राम बटावदा थाना कानड़ जिला आगर मालवा को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भरतसिंह किरार, एसआई केएन यादव, सउनि इसराईल खान, सउनि सुभाष पटेल, प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सितपारा, प्रधान आरक्षक प्रदीपसिंह सिकरवार, आरक्षक देवीसिंह दांगी, आरक्षक देवराज दांगी, आरक्षक सुरेश राठौर, आरक्षक संदीप यादव, आरक्षक चालक सुभाष दांगी की सराहनीय भूमिका रही। इस वारदात को तीन बदमाशों इलियास पिता रियाज खान उम्र 24 वर्ष, माहिर पिता बाबू खां (20), अरबाज पिता सरफराज खान (25) को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस के हत्थे नासिर पिता फारूक खान (39) को भी गिरफ्तार किया है जो लोगों की रैकी करता और उसकी सूचना बदमाशों तक पहुंचाता था।

### गायों को बचाने में युवक भी हुआ हादसे का शिकार

**शाजापुर।** बादशाही पुल के पास सोमवार रात दो गायें आपस में लड़ते-लड़ते बिन मुंडेर के कुंए में जा गिरी। जिन्हें बचाने गया युवक भी पैर फिसलने से कुए में जा गिरा, जिसे डायल-100 की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। शहर के बादशाही पुल इलाके में दो गायें आपस में लड़ रही थी जो लड़ते-लड़ते बिना मुंडेर के कुएं में जा गिरी। गायों को कुंए से निकालने के लिए राधेश्याम पिता किशनलाल निवासी कुम्हारवाड़ा ने प्रयास किया तो अचानक उसका पैर फिसल गया और वह भी कुएं में जा गिरा। युवक ने जोर जोर से आवाज लगाई तो आसपास के लोग कुएं के पास पहुंचे और उन्होंने युवक को निकालने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने डायल-100 को मामले की जानकारी दी। इस पर प्रधान आरक्षक मोहनलाल पटेल, पायलट विजेंद्र नागोर घटना स्थल पर पहुंचे और रस्सी की मदद से राधेश्याम को कुएं से बाहर निकाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। रेस्क्यू टीम ने की कड़ी मशक्कत, देर रात मिली सफलता युवक को कुंए से बाहर निकालने के बाद लोगों ने गायों को बाहर निकालने के लिए काफी प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। इसके बाद रेस्क्यू टीम को सूचना दी गई। जिन्होंने रस्सी के सहारे कुएं में से गायों को निकालने का प्रयास किया। लेकिन उन्हें भी काफी समय बाद सफलता मिली।

### तमतमाने लगा पारा, 40 के करीब पहुंचा तापमान

**शाजापुर।** अप्रैल में जुलाई जैसी हो रही बारिश का सिलसिला कुछ दिनों के लिए थम गया। लेकिन बारिश थमने के बाद जैसे ही मौसम खुला गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। इस दिन तापमान भी बढ़कर 39 से अधिक दर्ज किया गया। वहीं मौसम विभाग ने आगामी सप्ताह में फिर बारिश की संभावना जताई है। बेमौसम बारिश का सिलसिला थमा। लेकिन आसमान पर बादल अभी भी छा रहे हैं। फिलहाल बारिश तो नहीं हुई, लेकिन उमस ने लोगों को खासा परेशान किया। मंगलवार को तापमान भी 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जिसके और बढ़ने की संभावना है। वही मंगलवार को हवाओं ने भी शहरवासियों का साथ छोड़ दिया। जिसके चलते दिनभर लोगों का गर्मी से बुरा हाल हुआ। यही नहीं सूरज ढलने के बाद भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली। मोसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि आगामी दिनों में तापमान में और तेजी आएगी। जो बढ़कर 40 और इसके बाद 45 डिग्री तक भी पहुंच सकता है। मई में और तपाएगी गर्मी, बारिश के भी आसार अब तापमान कम होने की संभावना नहीं है। जिसमें दिनों दिन बढ़ोत्तरी ही होगी। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार मई के पहले सप्ताह से ही गर्मी का रौद्र रूप देखने को मिल सकता है। जो पहले सप्ताह से ही 40 डिग्री या उससे अधिक ही तापमान रहेगा। इसके अलावा उमस भी बरकरार रहेगी जो लोगो के लिए परेशानी बन सकती है। 6 से 8 मई के बीच हो सकती है बारिश भले ही दो दिनों से मौसम साफ हो, लेकिन एक बार फिर जिले में नया सिस्टम सक्रिय होगा जिसके चलते बारिश की संभावना बन रही है। मोसम विभाग के अनुसार 6 से 8 मई के बीच नया सिस्टम बनेगा। इस दौरान शहर में हल्की या सामान्य वर्षा हो सकती है।

### तिरला के समीप ग्राम खरमपुर में हुआ हादसा, घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी

# ओवरटेक के चक्कर में बस खाई में पलटी, हादसे में एक की मौत

**धार।** इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर तिरला के समीप खरमपुर फाटे पर एक यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 1 युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं 5 अन्य लोग घायल हुए है। घायलों को एबुंलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय भजिवाया गया जहां उनका उपचार जारी है। यात्री बस राजगढ़ से धार की और जा रही थी तभी ग्राम खरमपुर में सामने से डंपर आ जाने अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलटी खा गई। वही 10 दिन के अंतराल में बसों का यह दूसरा बड़ा हादसा है लगातार जिले में कहि ना कहि आये दिन दुर्घटनाओं की खबर आती है । इसकी बाद भी लापरवाही से यात्री बस व वाहन लोगो द्वारा चलाए जाते है। यात्रियों द्वारा बताया गया हैं कि सड़क पर बस के साथ एक ट्राला भी चल रहा था। अचानक ओवरट्रैक करने के चक्कर में बस का संतुलन बिगडा ओर बस रोड से नीचे उतरते हुए पलट खा गई। जिला अस्पताल में मौके पर तहसीलदार दिनेश उईके व सीएसपी रविंद्र वास्कले पहुँचे ओर घायल मरीजो के हाल जाने व उनकी इलाज की जानकारी ली।





#### खेत में जाकर पलटी खा गई

जानकारी के अनुसार बस क्रमांक एमपी 11 पी 0730 राजगढ़ से सवारियों को भरकर धार की और आ रही थी। तिरला के समीप ग्राम खरमपुर फाटे पर बस ट्राला को अवर टेक करने चक्कर मे अनियंत्रित हो गई और खेत में जाकर पलटी खा गई। ग्रामीणों ने कडी मशक्कत के बाद बस में से सवारियों को बाहर निकाला और एबंलेंस की मदद जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे में मांगोद निवासी आदित्य प्रताप सिंह की मौके पर मौत हो गई, वहीं विमल बाई पति दुलार, बसंती पति शोभाराम, अनिशा पति सादिक, रविना पति आरिफ घायल हुए है।

#### मृतक क्रिकेट एकेडमी में प्रशिक्षण लेने धार आ रहा था

मृतक आदित्य मांगोद से क्रिकेट एकेडमी में प्रशिक्षण लेने धार आ रहे थे रास्ते में दुर्घटना का शिकार हो गए। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएम कक्ष में भेजा है जहां डॉक्टरों द्वारा मृतक का पीएम किया जाएगा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस राजगढ़ से सवारियो को लेकर निकली थी। तिरला के खरमपुर के समीप डंपर व बस ने अपना नियंत्रण खो दिया और पलक झपकते ही बस खेत में जाकर पलटी खा गई। बस के पलटी खाने से चीख-पुकार मंच गई।

### नव-विवाहित दंपतियों को भी दिलाई मतदान की शपथ

# दुपाड़ा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**शाजापुर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में 13 मई को शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर शाजापुर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी तारतम्य में आज ग्राम दुपाड़ा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और रंगोली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली को जनपद पंचायत मो. बड़ोदिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमृत राज सिसोदिया ने संबोधित करते हुए ग्रामीण जनों से मतदान करने की अपील की। परियोजना अधिकारी पंकजकुमार दवे द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकताओं, आशा कार्यकर्ता से मतदान के संबंध में आमंत्रण देने, पर्ची बांटने आदि कार्य के बारे में जानकारी दी गई। रैली में आंगनवाड़ी कार्यकताएें, आशा कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह की महिलाएं, सचिव, रोजगार सहायक आदि उपस्थित थे। इसी तरह जनपद पंचायत मो. बड़ोदिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिसोदिया ने चौमा में आदर्श मेघवाल समाज के सामुहिक विवाह में नव-विवाहित दंपतियों को मतदान की शपथ भी दिलाई। इसके अलावा ग्राम पंचायत जामनेर में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शुजालपुर अर्चना कुमारी की अध्यक्षता में बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की कलस्टर लेवल की बैठक का शुभारंभ किया गया। जिसमे पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने वाले (फर्स्ट टाइम वोटर्स) सागर पिता हरीश, रानू पिता प्रेमनारायण, शिवानी पिता देवलखन धाकड़, अर्पिता पिता राकेश मालवीय, सोहेल पिता हारून को अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया एवं उपस्थित ग्रामीणों आदि को सामूहिक रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान की शपथ दिलाकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया।




# अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं को दी निर्वाचन संबंधी जानकारियां



**शाजापुर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के संदर्भ में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 21-देवास (अजा) के लिए निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों एवं अभिकताओं की आज कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी लोकसभा निर्वाचन ऋजु बाफना की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में सर्वप्रथम तीनों प्रेक्षकों ने अपना परिचय देते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान कोई भी समस्या या शिकायत हो तो वे उनके मोबाईल नंबर पर प्रेषित कर सकते हैं। सामान्य प्रेक्षक मोहनराज केपी ने कहा कि उपस्थिति दिवसों में स्थानीय रेस्ट हाउस पर प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक आमजन उनसे मुलाकात कर सकते हैं या उनके मोबाईल नंबर 9329309202 पर संपर्क कर सकते हैं। इसी तरह व्यय प्रेक्षक ने भी कहा कि आमजन उनसे मोबाईल नंबर 7024437569 पर संपर्क कर सकते हैं। बैठक में कलेक्टर सुश्री बाफना ने निर्वाचन की समय सारणी, डाक मतपत्र के माध्यम से 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो एवं दिव्यांगजनों के मतदान, ईडीसी से मतदान, क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ता चिंता वाले मतदान केन्द्रों की सूची उपलब्ध कराएं ताकि वहां समय पर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं की जा सके। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर डॉ. वी.पी. मीणा ने लोकसभा निर्वाचन प्रबंधन तंत्र, मतदाता की स्थिति, निर्वाचन कार्य की समय सारणी, निर्वाचन संबंधी कार्यो के दौरान अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता या अभ्यर्थियों द्वारा नियुक्त प्रतिनिधियों की उपस्थिति, अभ्यर्थियों के आपराधिक मामलों के प्रकाशन, आरपी एक्ट 1951 की धारा 127 ए के प्रावधानों, आमसभा, जुलूस एवं लाउडस्पीकर की अनुमति, वाहन अनुमतियां व्यय अनुविक्षण तंत्र, एमसीएमसी विज्ञापन प्रमाणन सहित अन्य जानकारियां विस्तार से दी। इस अवसर पर निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों में विदयराज मालवीय सहित अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि के रूप में विवेक शर्मा, रामप्रसाद, महेन्द्रसिंह सेंगर, हेमराज राजोरिया एवं महेश चौहान भी उपस्थित थे।

### दो दमकलों की मदद से कड़ी मशक्कत से पाया काबू

# आधी रात को कैफे से उठने लगी आग की लपटें, लाखों का हुआ नुकसान

**शाजापुर।** नगर के महुपुरा क्षेत्र मे स्थित एक कैफे से रात करीब 1.30 बजे एक कैफे में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जब लोगों ने आग की लपटे देखी तो इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी, लेकिन उससे भी जब बात नहीं बनी तो दूसरी फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जिनकी कड़ी मशक्कत से काफी देर बाद आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार महुपुरा इलाके में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गयी। इसकी सूचना लोगों ने पहले कैफे संचालक देवेंद्रं त्रिपाठी को दी। उसके बाद फायर ब्रिगेड को हादसे की सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें इतनी अधिक थी कि एक फायर ब्रिगेड से काबू नहं हो पा रही थी जिसके चलते दूसरी फायर ब्रिगेड को बुलाया गया जिसकी सहायता से काफी देर बाद आग काबू हो पाई। संचालक के मुताबिक इस हादसे में उसे करीब 5 लाख रू. का नुकसान हुआ है। आग किस कारण से लगी थी इस बारे में अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जहां यह हादसा हुआ वहां कुछ सिलेंडर भी रखे हुए थे। तो पास ही में रूई की दुकान भी है। यदि समय रहते आग पर काबू नही पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था जिसमें आसपास की दुकाने या मकान भी आ सकते थे। कोतवाली थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर नवीन बिलावलिया ने बताया कि महुपुरा इलाके में एक निजी कैफे में रात्री के समय आगजनी की घटना हो गई। फिलहाल आग किस कारण से लगी इसका अभी पता नहीं लगा लेकिन दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। कैफे संचालक के पिता देवेंद्र त्रिपाठी का कहना था कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट तो नहीं हो पाया है। संभावना है कि शार्ट सर्किट से यह हादसा हुआ होगा। उन्होंने बताया कि इस घटना में उन्हें करीब 5 लाख रू. का नुकसान हुआ है।



# मक्सी पहुंचा नर्मदा का पानी किसानों ने कहा नर्मदे हर...

**शाजापुर।** केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नर्मदा परियोजना की पहली सफल टेस्टिंग मंगलवार को मक्सी में की गई। इससे किसानों के चेहरे खिल उठे। सुबह नर्मदा पाइप लाइन के टेस्टिंग वाले स्थान पर जब वॉल खोले और जैसे ही पानी खेतों में पहुंचा किसानों ने नर्मदे हर के जयकारे लगाए और पुष्प और पूजन सामग्री चढ़ाकर नर्मदा मैया की आरती की। प्रोजेक्ट के इंचार्ज मिथलेश कुमार चौबे ने बताया कि मक्सी में मंगलवार को नर्मदा लाइन की पहली सफल टेस्टिंग हुई है। हम लगातार 15 दिनो तक टेस्टिंग करके ये देखेंगे की नर्मदा का पानी कहां तक पहुंच रहा है। इस दौरान लाइन के आ रहे लिकेज का पता भी लगाया जाएगा। इसके बाद फाइनल टेस्टिंग के बाद करीब 3 हजार लीटर पानी प्रति सेकंड के दर से नगर और आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए दिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार इस साल अक्टूबर से किसानों सिंचाई के लिए नर्मदा के पानी का उपयोग अपनी फसलों के लिए कर सकेंगे। लंबे समय से था इंतजार, अब हुआ पूरा केंद्र व राज्य सरकार की नर्मदा परियोजना के पानी को लेकर लंबे समय से प्रयास किए जा रहे थे। अधिकारी भी इस योजना को मूर्तरूप देने के लिए प्रयासरत थे। लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से काम अटक रहा था। आखिरकार मंगलवार को हुई फायनल टेस्टिंग से खेतों में नर्मदा का पानी पहुंच ही गया, जिससे किसानों में हर्ष की लहर दौड़ गई।




**बड़वाह।** बस स्टैण्ड बड़वाह पार्क में हम फाउंडेशन भारत संस्कृति शाखा बड़वाह की श्रीमती नीति देशवाली अध्यक्ष के नेतृत्व में एकत्रित हुए।और जैसा कि आप हम सभी को विदित है की गर्मी चरम सीमा में है।इस हेतु हम फाउंडेशन भारत की संस्कृति शाखा बड़वाह द्वारा आज महात्मा गांधी पार्क बस स्टैण्ड बड़वाह के पास *पार्क* में एकत्रित होकर बड़वाह के अन्य पार्कों में जैसे साई मंदिर परिसर ,एरीकेशन पार्क,हाउसिंग बोर्ड पार्क,कन्या शाला परिसर, केला माता परिसर,अंबेडकर पार्क,बीआरसी परिसर, पात्र गुरुकुल के पास पार्क में एवम अन्य पार्कों में *पक्षियों हेतु सिकोरे और अन्न रखे गए।* सिकोरे और अन्न रखने का मूल उद्देश्य है कि गर्मियों में पक्षियों को पानी और अन्न की किल्लत होती हैं।इसलिए शहर के पार्कों में रखा गया।और समाज से जुड़े हर व्यक्ति से हम फाउंडेशन भारत के सदस्यो द्वारा की सभी कोई अपने घर की छत या पेड़ पर पक्षियों के लिए सिकोरे और अन्न की व्यवस्था करने की अपील की। श्रीमती विमला चौधरी महिला सहभागिता प्रमुख और अर्चना आरस जिलाध्यक्ष द्वारा ने सभी सदस्यो को भी प्रण दिलाया की हम सब भी अपने अपने घरों पर सिकोरे और अन्न की व्यवस्था पक्षियों के लिए करेंगे। मई माह में हम फाउंडेशन भारत का मालवा प्रांत की कार्यशाला और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होना है।जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष, झोनल चेयरमैन,प्रदेश अध्यक्ष ,और राष्ट्रीय एवं प्रदेश के महत्वपूर्ण पदाधिकारीगण सहभागिता करेंगे। आज के कार्यक्रम में ,प्रवीण श्रीमाली,राधे ठाकुर,उम्मेद सिंह मुजाल्दे,रीना वर्मा, कविता चौहान,प्रीतिमा गंगराड़े,,प्रिया चंद्रवंशी,दीपिका यादव,ज्योति शर्मा,नवीन दुबे, कृतिका राशिनकर,आशा गंगराडे रवि आरस एवम अन्य सदस्य उपस्थित थे।